


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

**आवश्यकता है**
**मीडिया हाउस**
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659

वर्ष- 14 अंक - 349 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 1 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## गणपति विसर्जन करने गए युवक की हत्या, चाय को लेकर हुए विवाद के बाद बदमाशों ने मार दिया चाकू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शिवनाथ नदी पुराने पुल के पास बीती रात गणपति विसर्जन करने गए युवक की दूसरी समिति के युवकों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। शिवनाथ नदी तट पर होटल के पास चाय पीने को लेकर हुए विवाद ने इतना बड़ा रूप ले लिया कि दूसरे गुट के युवकों ने एक युवक को पहले बेरहमी से पीटा और उसके बाद चाकू मारकर भाग गए। युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र की है। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफअपराध दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। इधर घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने थाने में जमकर हंगामा किया।



मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार देर रात लगभग 1:30 बजे की बताई जा रही है। ग्रीन चौक निवासी राहुल साहू अपने साथियों के साथ गणपति विसर्जन करने शिवनाथ नदी के पुराने पुल के पास पहुंचे। शनिवार को यहां कई समितियां विसर्जन के लिए पहुंची थी। इस दौरान राहूल साहू चाय पीने वहां के होटल में चला गया। इस दौरान वहां दूसरी समिति के कुछ युवकों के साथ उसका विवाद हो गया।

बताया जा रहा है कि विसर्जन के लिए पहुंचे युवक नशे में धुत थे और विवाद के बाद राहूल साहू को घेर कर मारने लगे। इस दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने उसे बचाने कर प्रयास भी किया लेकिन नशे में धुत युवक उन्हें भी मारकर भगा रहे थे। इस दौरान बदमाशों ने राहुल साहू पर चाकू से हमला कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान पांच युवकों के घायल भी हुए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलगांव पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक भिलाई की किसी समिति के हैं जिनकी पतासाजी की जा रही है।

### पुलिस का निर्देश बेअसर

बता दें विसर्जन के पूर्व दुर्ग पुलिस ने डीजे संचालकों की बैठक ली थी और इस दौरान कई निर्देश दिए गए। इसमें प्रमुख रूप से रात 10 बजे के बाद डीजे पर प्रतिबंध लगाने के साथ की डीजे के साथ रंगीन लाइटिंग लगाने पर मनाही थी। दुर्ग पुलिस ने निर्देशों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी। दुर्ग पुलिस की चेतावनी भी बेअसर रही। दुर्ग भिलाई की अधिकतर समितयां विसर्जन यात्रा रात 9 बजे के बाद निकाली और इस दौरन देर रात तक डीजे का शोर रहा। कहीं भी पुलिस ने एक भी डीजे जब्त नहीं किया। सुपेला पुलिस ने पिछले दिनों एक डीजे के खिलाफकार्रवाई कर खानापूर्ति कर दी थी। इसके अलावा दुर्ग भिलाई में पुलिस को एक भी ऐसा डीजे नहीं मिला जो रात 10 बजे के बाद बज रहा हो। जबकि पूरे शहर में रात 10 बजे के बाद डीजे का शोर होता रहा।

## खास - खबर



अनोखा पक्षी प्रेम :

### तोता गुम हुआ तो मालिक ने कर दी पांच हजार इनाम की घोषणा

**कबीरधाम।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में एक शख्स का अनोखा पक्षी प्रेम देखने को मिल रहा है। इसकी चर्चा पूरे शहर में हो रही है। दरअसल शख्स ने एक तोता पाल रखा है जो गुम हो गया। तोता गुम होने से शख्स इस कदर कदर परेशान है कि उन्होंने खोजकर लाने वाले को पांच हजार रूपए इनाम देने की घोषणा कर दी है। यही नहीं पूरे शहर में जगह जगह तोते का पोस्टर लगाया भी लगाया गया है। कवर्धा शहर के वार्ड नंबर 7, शिव मंदिर के पास गंगा नगर निवासी दुर्गा प्रसाद ने तोता पाल रखा है। तोते का नाम दुर्गाप्रसाद ने पीकू रखा है। दुर्गा प्रसाद का तोता कहीं उड़ गया है जिसके कारण वह काफी परेशान है। दुर्गा प्रसाद ने पूरे शहर में तोते के लापता होने के पोस्टर लगा रखे हैं और पैंपलेट भी बांट रहे हैं। तोते की खोजबीन के लिए एनाउंसमेंट भी कराया जा रहा है। दुर्गा प्रसाद का कहना है कि उसका तोता खुले में घूमता था। घर के सभी लोगों का वह चहेता है। बीते 27 सितंबर से वह लापता है। दुर्गा प्रसाद ने घोषणा की है कि जो भी उसका तोता उसे लाकर देगा उसे वह 5 हजार रुपए का इनाम देंगे।

## बढ़े एलपीजी के दाम, प्रति सिलेण्डर बढ़ाए 200 रुपए से ज्यादा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** तेल विपणन कंपनियों ने एक बार फिर एलपीजी के दाम बढ़ा दिए है। एक अक्टूबर से यह बदलाव लागू कर दिया गया। तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि की घोषणा की है। रविवार से इस पर 200 से 210 रुपए तक की बढ़ोत्तरी की गई है। दिल्ली में जहां 209 रुपए बढ़े वहीं छत्तीगसढ़ में इसकी कीमत में 203.50 रुपए की बढ़ोत्तरी हो गई है।

बता दें एक सितंबर को तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में 158 रुपए की कटौती की थी। अगस्त महीने की शुरुआत में भी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 99.75 रुपए की कटौती की थी। इस तरह, पिछले दो महीनों में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में करीब 258 रुपए की कटौती की गई थी। दो माह की कटौती के बाद तीसरे में 200 रुपए से ज्यादा बढ़ोत्तरी कर दी गई।



ताजा बढ़ोत्तरी के बाद छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कमर्शियल गैस सिलेण्डर के दाम 1939 रुपए हो गई है। पिछले माह रायपुर में कमर्शियल गैस के दाम 1735.50 रुपए थे। इसी प्रकार दुर्ग जिले में बढ़ोत्तरी के बाद कमशिर्यरल गैस के दाम 1939.50 रुपए हो गए हैं। इससे पहले 1736 रुपए प्रति सिलेण्डर के दाम थे। वहीं देश की राजधानी दिल्ली में 19 किलो के सिलेण्डर पर पूरे 209 रुपए की बढ़ोत्तरी की गई है। यहां आज से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 1731.50 रुपये में मिलेगा। कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में ताजा बढ़ोतरी से महंगाई पर असर पड़ सकता है। खास कर, रेस्टोरेंट में भोजन खाना के लिए आपको अधिक पैसे चुकाने पड़ सकते हैं।

### मुथैया मुरलीधरन बोले, भारत बन सकता है वर्ल्ड चैंपियन, टीम में गजब का तालमेल है

**लखनऊ।** विश्व के महानतम गेंदबाज रहे मुथैया मुरलीधरन का कहना है कि क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी करने जा रही भारत की टीम अच्छा खेल रही है। सारे खिलाड़ी फॉर्म में हैं और उनके बीच कमाल का तालमेल है। टीम ने एशिया कप जीता। मेरे विचार से भारत घरेलू पस्थितियों में वर्ल्ड चैंपियन बन सकता है। ऑस्ट्रेलिया और मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड भी वर्ल्ड कप जीत सकते हैं। टेस्ट में 800, वनडे में 534 और टी-20 में 13 विकेट लेने वाले मुरलीधन अपनी बायोपिक फिल्म '800' के प्रमोशन के लिए अभिनेता मधुर मित्तल के साथ लखनऊ में थे। जैसे ही मुरली क्रिकेटर प्रशंसकों से मिले, उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने एक-एक कर भावी क्रिकेटरों को बुलाया और फोटो खिंचवाई। इस दौरान किसी ने कैप तो किसी ने टीशर्ट पर ऑटोग्राफ लिया।

झाँकी समारोह में शामिल हुए सीएम बघेल, बोले-

## बरसों की परम्परा को नई पीढ़ी भी उत्साह से बढ़ा रही आगे



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** गणेशोत्सव पर हर साल राजधानी के नागरिक भगवान गणेश की सुंदर झांकियों का इंतज़ार करते हैं। रायपुर में इसकी भव्य परंपरा है और पूरा शहर रात्रि जागरण कर भगवान गणेश की झांकियों के रूप में सुंदर लीलाओं का इंतज़ार करता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी रायपुर के अन्य नागरिकों के साथ सुंदर झांकियों से भक्ति रस का आनंद लिया और गणेश जी की पूजा की।

उन्होंने समिति के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि आप लोगों ने बहुत सुंदर झांकी तैयार की है। इससे नई पीढ़ी को भी अपनी सांस्कृतिक परंपरा की जानकारी मिलेगी। सीएम बघेल ने कहा कि आप सभी समितियां बरसों से उस परंपरा को चला रही हैं जिसे आपके मोहल्ले की पुरानी पीढ़ियों ने शुरू किया होगा। ये बहुत स्वागत योग्य बात है। मुख्यमंत्री बघेल ने इस मौके पर भगवान गणेश की विविध स्वरूपों में निकली झांकी का अवलोकन किया।

झांकी में प्रमुख रूप से भगवान विष्णु के स्वरूप, कृष्ण भगवान के दही लूटने हेतु मटका फोड़ आदि की झांकी निकाली गई। इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन सहित गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## सेना के हेलीकॉप्टर की खेत में इमरजेंसी लैंडिंग, तकनीकी खराबी बनी वजह

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के भोपाल में शनिवार को वायुसेना का एयर शो कामयाब रहा था। रविवार को बैरसिया के डूंगरिया गांव के डेम के पास एक खेत में सेना का हेलीकॉप्टर इमरजैंसी स्थिति में उतारना पड़ा। तकनीकी खामी की वजह से ऐसा करना पड़ा। हेलीकॉप्टर को इस तरह उतरता देख ग्रामीणों का मजमा भी लग गया।



जानकारी के अनुसार रविवार सुबह भोपाल के बैरसिया के डूंगरिया गांव के डेम के पास एक खेत में सेना के हेलीकॉप्टर की इमरजैंसी लैंडिंग हुई है। हेलीकॉप्टर में सेना के 6 जवान सवार थे। कुछ तकनीकी खराबी आने के कारण इमरजेंसी लैंडिंग करना बताया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार हेलीकॉप्टर डैम के आसपास चक्कर लगा रहा था फिर खेत में उतरा। हेलीकॉप्टर देखने लगा ग्रामीणों का भी मजमा लग गया। सेना के जवानों ने उन्हें दूर रहने की हिदायत दी है।

**दूसरे हेलीकॉप्टर से पहुंची टीम**

आपातकालीन लैंडिंग के बाद सेना का दूसरा हेलीकॉप्टर मदद के लिए डूंगरिया गांव पहुंचा। यह हेलीकॉप्टर इंजीनियर, सपोर्टिंग स्टाफ और टेक्निकल टीम को लेकर यहां आया था। टीम को यहां उतारकर वापस रवाना हो गया। अब इंजीनियर और टेक्निकल टीम हेलीकॉप्टर में आई खराबी की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार यह इंडियन एयरफोर्स का हेलीकॉप्टर है, जो भोपाल से झांसी जा रहा था। पायलट सहित टोटल 6 लोग सवार थे। इंजन में खराबी के कारण इमरजेंसी लैंडिंग हुई।

## पीएम मोदी की आमसभा के लिए लालबाग मैदान सजकर तैयार, कार्यकर्ताओं में उत्साह, किए व्यापक इंतजाम

**जगदलपुर।** जगदलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा के लिए लालबाग मैदान सज रहा है। जहां से 3 अक्तूबर को पीएम मोदी बस्तर की जनता को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की सभा को सुनने आने वाले लोगों के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे है। जिसके लिए तीन विशाल डोम बनाने का काम जोरों-शोरों से जारी है। बार-बार बिगड़ते मौसम का ध्यान रखते हुए तीनों डोम वाटर प्रुफ होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभाओं में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए लोगों के बैठने के लिए लालबाग मैदान के बड़े हिस्से को घेरा गया है। सुरक्षा के बेहद सख्त इंतजाम किए गए हैं।

***2018 में पीएम मोदी ने लालबाग मैदान में की पहली आमसभा:-*** इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा लालबाग मैदान में वर्ष 2018 को हुई थी। भारतीय जनता पार्टी पूरे उत्साह से नरेंद्र मोदी के बस्तर आगमन और उनकी आमसभा की तमाम तैयारियों को पूरा करने में जुटी है। सभा में आने के लिए सभी समाज के प्रमुखों से भेंट कर भाजपा के नेता, पदाधिकारी आमंत्रण पत्र देकर समूचे समाज को ससम्मान आमंत्रित कर रहे हैं।

## ISRO कैसे बदल रहा है पहचान, चंद्रयान ने लगाए चार चांद, एस सोमनाथ का क्या है प्लान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के नाम चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने का रिकॉर्ड दर्ज हो चुका है। हालांकि, ISRO यानी भारतीय अनुसंधान संगठन की ताजा उपलब्धियों की फेहरिस्त यहां खत्म नहीं होती है। कहा जा रहा है कि भारतीय स्पेस एजेंसी ने अपना रूप काफी बदल लिया है। इसमें चंद्रयान-3 की सफलता भी चार चांद लगाती नजर आ रही है।

कहा जाता है कि इसरो शांति से बंद कमरे में काम करना पसंद करता था और मिशन के बारे में खुलकर चर्चाओं से बचता था। अब अगर देखें, तो इसमें काफी बदलाव आया है। एजेंसी ने चंद्रयान से जुड़े लगातार अपडेट्स दिए और लैंडिंग को YouTube पर लाखों लोगों ने एकसाथ देखा। इसका श्रेय मौजूदा प्रमुख एस सोमनाथ की अगुवाई को दिया जाता है।

अब एजेंसी पहले से ज्यादा खुलकर, दोस्ताना हो गई है। युवा वैज्ञानिकों, नए स्टार्टअप, निवेशकों के मामले में ISRO में काफी परिवर्तन आए हैं। माना जाता है कि रवैये में बदलाव की एक वजह निवेश भी है। फिलहाल, ग्लोबल कमर्शियल स्पेस मार्केट 400 बिलियन डॉलर का है, जिसके 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर तक जाने का अनुमान है।



### ISRO का आगे का प्लान

लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान को चांद की सतह पर उतारने के बाद ISRO ने आदित्य-L1 के जरिए सूर्य का रुख किया है। फिलहाल, एजेंसी सूर्य के बाद वीनस, ऑर्बिट में एस्ट्रोनॉट्स को पहुंचाने और NASA के साथ साझेदारी की तैयारी कर रही है।

### लक्ष्य और बदलाव

इतना ही नहीं भारत भी 2040 तक इस बाजार में अपना हिस्सा बढ़ाकर 40 बिलियन डॉलर करने की योजना बना रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ISRO ने कई बड़े बदलाव किए हैं, ताकि कर्मचारियों को साझेदारों को आकर्षित किया जा सके। इसमें ब्रेक टाइम, बातचीत और रिफ्रेशमेंट के लिए जगह बनाने जैसी कई बातें शामिल हैं। सोमनाथ भी कह चुके हैं कि कई आइडियाज पर चाय पीते-पीते भी बात की जा सकती है।

## अपनी मां वृद्धाश्रम में, गायों की फिक्र कौन करें

श्रीकंचनपथ




राजधानी के एक गौठान में लगभग आधा दर्जन गायों की मौत हो गई। पशु चिकित्सकों ने इस स्थल को मवेशियों के रहने के लिए अनुपयुक्त बताया. इसके बाद गायों को यहां से शिफ्ट कर दिया गया. पिछले कुछ दिनों की बारिश के बाद अधिकांश गौठानों का यही हाल है। गौठान ही क्यों, निचली बस्तियां भी इंसानों के रहने लायक नहीं रह गई हैं। बढ़ी हुई नमी, कीचड़ और दूषित जल के कारण लोगों का जीना मुहाल है। गौठानों, गौशालाओं और कांजी हाउसों में गायों की मौत का यह कोई पहला मामला नहीं है। थोड़े दिनों तक हंगामा होता रहता है और फिर मामला झाग की तरह बैठ जाता है। इसे पशुओं के प्रति क्रुरता कहा जा सकता है पर जिस समाज में इंसानों की ही किसी को परवाह नहीं, वहां मवेशियों की चिंता कोई करे भी तो क्यों, और कैसे? गौसेवा के नाम पर लोग गेट पर खड़ी गाय को एक-दो रोटी खिलाकर कर्त्तव्यों की इतिश्री कर लेते हैं। गौ प्रेम भाषण और स्लोगन तक सीमित है। नाराजगी जाहिर करने और आरोप प्रत्यारोप की झड़ी से गाय का कोई भला नहीं होता। मौसम अगर सुन्दर-सुरक्षित घरों में रहकर चार टाइम पौष्टिक भोजन करने वालों को बीमार कर सकता है तो शेड के नीचे कीचड़ से सने मवेशी तो बीमार पड़ ही सकते हैं। जीवन है तो मृत्यु भी है। घरों में, अस्पतालों में प्रतिदिन, प्रत्येक शहर में दर्जनों मौतें होती हैं। इसी तरह शहरों में, गांवों में मवेशियों की भी मौतें होती हैं। शहर के दस कोनों में अगर दस मवेशियों की मौत हो जाए तो वह खबर नहीं बनती। पर इन आवारा पशुओं को यदि एक स्थान पर इकट्ठा कर दिया जाए और उनकी मृत्यु वहीं तो ये आंकड़े बन जाते हैं। गौठान, गौशाला और कांजी हाउस ऐसी ही जगहें हैं जहां आवारा और अनुपयोगी पशु रखे जाते हैं। इनमें बूढ़े और बीमार मवेशी भी होते हैं। कुछ उम्र पूरी करने के कारण तो कुछ बीमारी के कारण दम तोड़ देते हैं। इसपर राजनीति नहीं होनी चाहिए। हैरानी तो इस बात पर होती है कि गाय पर गाहे-बगाहे हंगामा खड़ा करने वाले कभी इंसानों की गौशालाओं पर कुछ नहीं बोलते। शहरी क्षेत्रों में जगह-जगह वृद्धाश्रम खुल रहे हैं। पहले शासन इन आश्रमों का सहयोग करता था पर अब उसने भी हाथ खींच लिया है। ऐसे आश्रमों के संचालक इधर-उधर से मांग कर उन बुजुर्गों की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करते हैं, जिनके अपनों ने उन्हें सड़कों पर छोड़ दिया है। अकेले ट्विन सिटी की ही बात करें तो पुलगांव के सरकारी वृद्धाश्रम के अलावा शांतिनगर का मदर टेरेसा आश्रम, सेक्टर-2 और सेक्टर-8 का आस्था वृद्धाश्रम, सेक्टर-3 का फील परमार्थम ऐसे ही स्थान हैं जहां इंसान लावारिसों का जीवन जी रहे हैं। बुजुर्गों को उनके हाल पर छोड़ने वालों के लिए अच्छा यही होगा कि वे गायों को भी उनके हाल पर छोड़ दें।



## संपादकीय

# उज्जैन मामले के सबक

देश को स्तब्ध कर देने वाले उज्जैन रेप केस में हालांकि आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन यह मामला लंबे समय तक हमारे समाज के अंत:करण को धिक्कारता रहेगा। यह सही है कि घटना का विडियो वायरल होने के बाद उज्जैन पुलिस ही नहीं, राज्य सरकार ने भी तेजी दिखाई। चूंकि विक्टिम नाबालिग बच्ची कुछ बताने की स्थिति में नहीं थी, इसलिए पुलिस का काम थोड़ा मुश्किल लग रहा था, लेकिन अलग-अलग इलाकों के सीसीटीवी फुटेज और उसकी टाइमिंग के आधार पर पुलिस ने न केवल बच्ची को लिफ्ट देने वाले ऑटोचालक को ढूंढ लिया बल्कि आरोपी तक भी पहुंच गई। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और पुलिस को वारदात की जगह पर भी ले गया, जहां बच्ची के कपड़े बरामद हुए। यानी माना जा सकता है कि यह केस प्राथमिक तौर पर सुलझ गया है। वैसे संबंधित आरोपियों से तफसील से पूछताछ और जांच-पड़ताल के जरिए बाकी सबूत जुटाने का काम जारी है। इसलिए अगर साजिश का कोई और भी पहलू हुआ तो उम्मीद की जानी चाहिए कि पुलिस उसकी तहों तक पहुंच जाएगी। मगर इस पूरे मामले का सबसे दुखद और शर्मनाक पक्ष है हमारे शहरी समाज की बढ़ती संवेदनहीनता।यह बात सही है कि एक अनजान बच्ची को बेहोश पाकर आश्रम के एक पुजारी ने अपना पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम स्थगित करते हुए उसकी मदद की और उसे अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था कर उसका इलाज सुनिश्चित करवाया, लेकिन इस तथ्य का क्या किया जाए कि बेहोश होने से पहले खून से लथपथ वह बच्ची अर्धनग्न अवस्था में मदद की गुहार लगाती घर-घर घूमती और जगह-जगह से दुत्कारी जाती रही। यहां बात सिर्फ उज्जैन की नहीं है। हमारे शहरी समाज का यह एक चिर-परिचित सा चेहरा बनता जा रहा है। आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिसमें दिन-दहाड़े और भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं, बुजुर्गों के साथ अपराध होता है और कोई मदद के लिए सामने नहीं आता। इसके पीछे यह तर्क दिया जाता है कि लोग अगर आगे नहीं आते तो इसका कारण है उन समाजविरोधी तत्वों के हमले का शिकार होने का डर। मगर उज्जैन की घटना ने साबित किया कि यह स्पष्टीकरण पूरी तरह सच नहीं है। सड़क हादसों के मामलों में भी कहा जाता था कि पुलिस-अदालत के चक्करों का डर लोगों की मदद करने की भावना पर भारी पड़ता है। लेकिन कानून में जरूरी सुधार और अस्पताल पहुंचाने वालों के लिए संरक्षण की व्यवस्था किए जाने के बाद भी इस मोर्चे पर कोई प्रगति देखने में नहीं आई है। जाहिर है, मामला सिर्फ डर का नहीं। हमारे शहरों और महानगरों का जीवन ही कुछ ऐसा होता जा रहा है, जिसमें दूसरों के लिए सोचने, उनकी परवाह करने की प्रवृत्ति और गुंजाइश लगातार कम होती दिख रही है। इस स्थिति को बदलने की पहल समाज की ही ओर से हो सकती है। उसमें और देर करना उचित नहीं होगा।

> “ आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिसमें दिन-दहाड़े और भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं, बुजुर्गों के साथ अपराध होता है और कोई मदद के लिए सामने नहीं आता। इसके पीछे यह तर्क दिया जाता है कि लोग अगर आगे नहीं आते तो इसका कारण है उन समाजविरोधी तत्वों के हमले का शिकार होने का डर। मगर उज्जैन की घटना ने साबित किया कि यह स्पष्टीकरण पूरी तरह सच नहीं है।

## न्यायपालिका का सकारात्मक हस्तक्षेप

सर्वोच्च अदालत ने विधायिका की शुचिता को ध्यान में रखते हुए एक बड़ा सकारात्मक हस्तक्षेप किया है। सुप्रीम कोर्ट ने तय किया है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यों की एक संविधान पीठ इस बात पर विचार करेगी कि सदन के अंदर रिश्वत लेने पर सांसद या विधायक को मुकदमे से मिलने वाली छूट जारी रहनी चाहिए या उसे खत्म कर दिया जाए? यह बेहद महत्वपूर्ण सवाल है, जो राजनीति की नैतिकता से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की बेंच ने इस सवाल पर विचार किया था और संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) के तहत सांसदों को मिली छूट को बरकरार रखा था। पांच जजों की बेंच ने 1998 में अपना फैसला सुनाया था और पिछले 25 साल से यह नजीर है। अब सात जजों की बेंच इस फैसले पर पुनर्विचार करेगी।

यह एक संयोग है कि जिस विवाद के बाद पांच जजों की बेंच ने इस सवाल पर विचार किया था और जिस विवाद के बाद अब सात जजों की बेंच इसी सवाल पर फिर से विचार करेगी वो दोनों विवाद झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़े हैं। पहला मामला 1993 का है, जब केंद्र की पीवी नरसिंह राव सरकार को बचाने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन सहित पांच सांसदों ने कथित तौर पर रिश्वत ली थी। इस मामले में सर्वोच्च अदालत ने सांसदों को मिले संसदीय विशेषाधिकार का हवाला देकर उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। यह फैसला 1998 में आया था और पिछले 25 साल से इसे संवैधानिक प्रावधानों के साथ मिला कर देखा जाता है।

दूसरा मामला, जिसके बाद सात जजों की संविधान पीठ बनाई गई है, झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन का है। आरोप है कि जामा विधानसभा सीट की विधायक के तौर पर उन्होंने 2012 में राज्यसभा चुनाव में एक खास उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने के लिए पैसे लिए थे। जब इस मामले की सीबीआई जांच की मांग हुई तब सीता सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट के 1998 के फैसले का हवाला दिया था और कहा था कि सांसदों और विधायकों को सदन के अंदर किए गए किसी भी काम या भाषण के लिए आपराधिक मुकदमे से छूट मिली हुई है। तभी से यह मामला विचारधीन है और 2019 में तब के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने इसे व्यापक प्रभाव और सार्वजनिक महत्व का बताते हुए पांच जजों की बेंच के सामने भेजा था। अब चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने भी कहा है कि यह राजनीतिक नैतिकता पर प्रभाव डालने वाला महत्वपूर्ण मुद्दा है इसलिए इस पर बड़ी बेंच को सुनवाई करना चाहिए। इसके बाद सात जजों की बेंच का गठन कर दिया गया।

इस मसले पर सात जजों की संविधान पीठ का विचार करना एक नए दौर की शुरुआत का संकेत है। यह स्पष्ट रूप से विधायिका के अधिकारों में न्यायपालिका का हस्तक्षेप है तभी केंद्र सरकार की ओर से देश के सबसे बड़े कानून अधिकारी वेंकटरमणी ने इसका विरोध किया। इस मामले में संवैधानिक स्थिति चाहे जो हो सार्वजनिक जीवन से जुड़ी नैतिकता की कसौटी पर यह सही नहीं है। किसी भी प्रावधान के तहत किसी सांसद या विधायक को रिश्वत लेने की छूट कैसे दी जा सकती है? वैचारिक विचलन का मामला अलग है लेकिन रिश्वत लेना तो विशुद्ध रूप से भ्रष्टाचार का मामला है, जिसे अगर विधायिका के अंदर छूट दी गई तो बाहर कैसे साफ-सुथरा शासन, प्रशासन सुनिश्चित किया जा सकेगा? तर्क के लिए कहा जा सकता है कि केंद्र की मनमोहन सिंह की सरकार के समय कई सांसदों पर पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगा था। एक स्टिंग ऑपरेशन की वीडियो में कई सांसद प्रश्न पूछने के लिए पैसे लेते दिखाए गए थे और संसद ने उनकी सबकी सदस्यता खत्म कर दी थी। लेकिन रिश्वत लेने के आरोप में सदस्यता समाप्त करना और आगे उनके चुनाव लड़ने पर रोक नहीं लगाना कोई सजा नहीं है। एक लोक सेवक को रिश्वत लेने के आरोप में जो सजा होती है वह सजा होनी चाहिए। तभी आम सरकारी सेवकों के लिए नजीर बनेगी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की यह पहल एक सकारात्मक हस्तक्षेप है।

> “ जब हम नीति और न्याय की बात करते हैं, तब विगत पौने पांच बरसों के आंकड़े ढूंढने लगते हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर जब यह देखने को मिलता है कि आदिवासियों का मुख्य आय का जरिया तेन्दूपत्ता, लघुवनोपज आदि उत्पाद का सही दाम और सही समय पर मिलने लगे हैं, वहां निवासरत रहने वाले लोगों के जीवनस्तर में बदलाव देखने को मिल रहा है तब यह सामाजिक न्याय बन जाता है।

### महात्मा गांधी महामानव के साथ एक जीवन मूल्य भी है

# ग्राम स्वराज की अवधारणा के साथ न्याय के पथ पर बढ़ता छत्तीसगढ़

एल.डी. मानिकपुरी, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी



सत्य और अहिंसा के पुजारी के रूप में विश्व विख्यात महात्मा गांधी की आज जयंती है। भारत सहित पूरी दुनिया उनके आदर्शों और विचारों को जानने, समझने और स्वीकार करने में लगे हुए हैं।किंतु आज की परिस्थिति में यह कैसे संभव था कि अहिंसा और सत्य के बल पर इस महान देश को स्वतंत्रता मिली होगी! लेकिन सत्य भी है व इतिहास साक्षी है कि मोहनदास करमचंद गांधी की जीजिविषा ने, उनके आत्मबल ने अंग्रेजों की तानाशाही, जुल्म और गुलामी के खिलाफ उन्होंने अहिंसाऔर सत्य की मन्त्र को ही चुना और इस तरह करोड़ों भारतवासियों के महात्मा बन गए।

महात्मा गांधी को जानने, समझने, पढ़ने और उनको आत्मसात करने के लिए बड़े दिल और दिमाम की जरूरत है। महात्मा गांधी ने जहां आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, पिछड़े तबकों की समस्याओं और जरूरत को न सिर्फसमझे बल्कि उन्होंने उस दौर में जीया भी। छुआछूत, ऊंचनीच, जाति-धर्म और रंग के खिलाफ मुखर होकर वैचारिक हथियार के दम पर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाले महात्मा की आज हम सबकी जरूरत है।

जब हम ग्राम स्वराज की बात करते हैं, तब परम्परागत व्यवसाय, लोक संस्कृति, पर्व, खान-पान, बोली-भाषा को उचित मान और नई पीढ़ी को उससे जोड़कर रखना भी है। विगत पौने पांच बरस से छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार है। सरकार बनाते ही उन्होंने किसानों, ग्रामीणों, श्रमिकों, आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए ऐसी नीति तैयार की है, जो आने वाली पीढ़ियों को न्यायसंगत अधिकार भी दे रही है।

जब न्याय की बात होती है तो थाना, अदालत, कोर्ट-कचहरी आंखों के सामने दिखाई पड़ती है, इसके बावजूद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साफ और स्पष्ट करते हुए है कि हमारी सरकार किसी के हक को मारकर आगे नहीं बढ़ेगी। साथ ही जरूरतमंद लोगों और समाज के सभी वर्गों को सामाजिक, शैक्षणिक, राजनैतिक, आर्थिक न्याय मिले इसके लिए सरकार हर समय डटे रहेगी । सम्भवत: यही वह रीति- नीति है, जो बापू के पथ पर चलने में मददगार साबित हुई है। जब हम नीति और न्याय की बात करते हैं, तब विगत पौने पांच बरसों के आंकड़े ढूंढने लगते हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर जब यह देखने को मिलता है कि आदिवासियों का मुख्य आय का जरिया तेन्दूपत्ता, लघुवनोपज आदि उत्पाद का सही दाम और सही समय पर मिलने लगे हैं, वहां निवासरत रहने वाले लोगों के जीवनस्तर में बदलाव देखने को मिल रहा है तब यह सामाजिक न्याय बन जाता है । और यह सरकार की उत्कृष्ट नीति, सार्थक निर्णय का ही परिणाम रहा है।

कभी सोचने में भी मुश्किल होता था कि एक गरीब व सामान्य परिवार के बच्चे भी प्रदेश के उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ेगा किंतु यह भी दूरदर्शी नीति और सकारात्मक निर्णय का ही परिणाम रहा है कि अब प्रदेश के लाखों बच्चे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में पढ़ाई के साथ अच्छी अधोसंरचना के साथ खेलकूद में भी भाग ले रहे हैं।

जब कभी सर्दी-खांसी, बुखार परिवार के किसी सदस्य को हो जाए तो कुछ पल के लिए परेशानी बढ़ जाती है लेकिन यह भूपेश सरकार की नीति ही है जिन्होंने अस्पताल को चौखट तक ला दिया। परिवार के किसी भी सदस्य को कोई गंभीर बीमारी हो जाए तो आर्थिक स्थिति बुरी तरह से चरमरा जाती है, लेकिन एक संवेदनशील और लोक कल्याणकारी सरकार की अवधारणा पर चलने वाली भूपेश सरकार ने मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत पात्र व जरूरतमंद मरीजो के लिए 25 लाख रूपए तक मदद करने की जो नीति तैयार की है, वह भी एक न्याय है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी देश की आर्थिक स्थिति में अक्सर असर डालता है। किंतु छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार की ही नीति रही है, जिन्होंने कोरोना जैसे विपदा के समय भी आम लोगों को भरपेट भोजन, मनरेगा व अन्य रोजगार मुहैया कराने में सफल हुए। प्रदेश के लाखों युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है, उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ताकि रोजगार व स्वरोजगार करने में मदद मिले। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर लगातार कम रहना प्रदेश के लिए गौरव की बात है, तो गरीबी रेखा से जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या में कमी होना भी एक सुखद परिणाम है।

लोगों की बुनियादी जरूरतों, भोजन, आवास, सड़क, बिजली, अस्पताल, स्कूल, पीने की साफ पानी, रोजगार पर आंकलन करते हैं। तब हमें वह स्कूल की दीवार भी दिखाई देती है जो विगत 13 बरसों से बंद थीं। राज्य सरकार की संवेदनशील पहल के कारण अब स्कूल भी खुल गई और शिक्षा की रोशनी भी चमकने लगी है। बस्तर से लेकर सरगुजा तक सड़क और पुल-पुलिया, 24 घंटे बिजली और हर परिवार को पक्का आवास देने जैसे कार्य योजना ने राज्य सरकार की नीति को 'छत्तीसगढ़ मॉडल' में बदल दी।

कौन सोच सकता था कि प्रदेश में गोबर व गौमूत्र की भी खरीदी होगी, लेकिन यही नीति ने तो ग्रामीणों और पशुपालकों के जीवन स्तर को संवारने का काम तो किया ही, उनकी आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करने में भी बड़ा योगदान दिया है। सुराजी योजना, गोधन न्याय योजना ने तो देश के अन्य राज्यों को अपनी ओर खींचने को विवश किया। कई कार्यों के लिए भारत सरकार से सम्मान प्राप्त हुए और सराहना भी मिली। तब ऐसी नीति, निर्णय और न्याय से बापू के उस ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार ने जिस जुनून और परिश्रम के साथ जुटे हैं तब यहां के लोगों ने सहसा कहना शुरू कर दिए कि 'भूपेश है तो भरोसा है।' और इस तरह बापू के बताए मार्ग पर चलते हुए राज्य सरकार कुपोषण से छुटकारा पाने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान छेड़ा है तो अन्नदाताओं के उपज का सही दाम दिलाने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना और राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के माध्यम से इन परिवारों को आर्थिक मदद भी की जा रही है।

महात्मा गांधी जी को याद करते व श्रद्धांजलि देते समय, हमें यह संकल्प भी लेना होगा कि मीठी जुबान, सद्व्यवहार, सहयोग, सद्भाव, संवेदनशीलता, सहानुभूति, सत्य और अहिंसा ही वह शस्त्र है, जिनके बल पर समाज, प्रदेश व देश के विकास में अपनी योगदान दे सकते हैं।

महामानव बापू निश्चित ही इस धरती में भौतिक रूप में नहीं है लेकिन उनके विचार, सिद्धांत युगों-युगों तक अमर रहेगा। नमन बापू..।

# अपने काम से नाम को सार्थक करते उत्तम

उत्तम संजल, सामाजिक कार्यकर्ता



नेपाल और भारत का रिश्ता साझी संस्कृतियों का ही नहीं, साझे सपनों का भी है। इसीलिए जब-जब भी इन दोनों के आपसी रिश्तों में खटास पैदा हुई, तब-तब पशुपतिनाथ और बाबा विश्वनाथ के दरबार में गुहार के असंख्य हाथ एक साथ उठे। इस अनोखे रिश्ते के कारण ही काठमांडू में पैदा उत्तम संजल हिंदी फिल्मों में हीरो बनने का ख्वाब संजोए मुंबई आ जाते हैं, और उन्हें इंडस्ट्री में काम भी मिल जाता है।

काठमांडू जिले के गोतातार गांव में सन् 1972 में जन्मे उत्तम बचपन से ही हिंदी फिल्में देखा करते थे। नेपाल टीवी पर उन दिनों हिंदी सिनेमा खूब दिखाया जाता था। जैसे-जैसे उत्तम बड़े हुए, दूसरे नेपाली नौजवानों की तरह उनमें भी हिंदी फिल्मों के प्रति दीवानगी बढ़तीचली गई। उन्हें यही लगता था कि हीरो की इज्जत सभी लोग करते हैं और वह चाह जाए, तो पूरे समाज को बदल सकता है। उन दिनों वह काठमांडू के चामुंडा हाईस्कूल के छात्र थे। बोर्ड की पढ़ाई पूरी करने के बाद उनका अगला ठिकाना कोई कॉलेज होना चाहिए था, मगर उनके अंदर तो हीरो बनने का सपना ठाठें मार रहा था, उत्तम ने मुंबई की राह पकड़ ली।

वह तब सिर्फ 18 साल के थे। मगर मुंबई पहुंचकर उन्हें धचका-सा लगा। उत्तम जैसे लाखों किशोर-नौजवान वहां हीरो बनने आए थे और वे सालों से भटक ही रहे थे। उनका घर लौटना आसान नहीं रह गया था। जुनूनी उम्र के सभी लोगों में उपहास को सहने का धैर्य ही कहां होता है? उत्तम ने भी मुंबई में रहकर संघर्ष करने का फैसला किया। हालांकि, काठमांडू की आरामदेह जिंदगी उन्हें बहुत सताती रही, मगर यह रास्ता तो उन्होंने खुद चुना था। उत्तम का संघर्ष बेकार तो नहीं गया, पर हीरो बनने की उनकी साध पूरी नहीं हुई। उन्हें कैमरे के आगे नहीं, बल्कि उसके पीछे का काम मिला। बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर वह कई प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहे, पर इस क्षेत्र में भी उनके करियर को मुफीद उड़ान नहीं मिल पा रही थी। उन दिनों नेपाल माओवादी विद्रोह की गिरफ्त में था। खासकर ग्रामीण इलाकों के नौजवान बागी गुटों में शामिल हो रहे थे या फिर भागकर काठमांडू आ रहे थे। चूंकि उनके पास न शिक्षा होती और न ही किसी किस्म का कौशल होता, लिहाजा उनमें से ज्यादातर कालीन बनाने वाले कारखानों में काम करने को मजबूर थे। उन्हीं दिनों में उत्तम एक बार मुंबई से काठमांडू अपने घर आए हुए थे। उन्होंने गौर किया कि जब कहीं कोई काम नहीं मिलता, तो कई किशोर चोरियां करने लगते या फिर वे भीख मांगने का पेशा अपना लेते। किशोरियों को देह व्यापार में धकेल दिया जाता था, और अगर उनके खिलाफ कोई शिकायत होती कि वे समाज को बिगाड़ रही हैं, तो पुलिस उन्हें उठा ले जाती।

उत्तम यह सब देखकर विचलित थे। उन्हें लगा कि इस समस्या का एकमात्र हल यही है कि इन बच्चों को स्कूल भेजा जाए और इन्हें सड़कों से दूर रखा जाए। मुंबई लौटने से पहले उन्होंने ऐसे 12 बच्चों का दाखिला एक स्कूल में कराया। लेकिन जब अगली बार वह काठमांडू आए, तो पाया कि स्कूल ने उन बच्चों को मुफ्त में शिक्षा देने से इनकार कर दिया था। उत्तम को लगा कि ये बच्चे पढ़ते रहें, यह सुनिश्चित करना अब मेरी जिम्मेदारी है। अंतत: एक दशक बाद उन्होंने मुंबई छोड़ काठमांडू लौटने का निर्णय कर लिया।

साल 2000 में उत्तम ने 'समता शिक्षा निकेतन' की नींव रखी, ताकि गरीब परिवारों के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम में स्तरीय शिक्षा मिल सके। मगर बांसों से बने इस स्कूल में मुफ्त शिक्षा देने के बजाय उन्होंने 100 रुपये की फीस रखी, ताकि गरीब अभिभावक किसी हीन-ग्रंथि के शिकार न हों और उनके भीतर भी दानशीलता का भाव उभारा जा सके। शुरुआती दिनों में कठिनाइयां आईं, किराये और कर्मचारियों के वेतन की व्यवस्था का काम चुनौतीपूर्ण था। लेकिन उत्तम को मुंबई के संघर्ष ने काफी कुछ सिखा दिया था। वह जुटे रहे। कुछ नेपाली दानवीरों ने उनका साथ दिया। 12वीं के बोर्ड के पहले बैच में उनके स्कूल में सिर्फ पांच बच्चे थे। मगर उन पांचों को शानदार नंबर (डिस्टिंगशन) मिले। ये सब 100 रुपये की फीस में पढ़ने वाले बच्चे थे।

इस कामयाबी ने उत्तम को समाज में सुर्खरू कर दिया। फिर तो उन्हें कई दानदाताओं का सहयोग मिला, मगर उन्होंने शिक्षा को मुनाफे का सौदा नहीं बनने दिया। उन्होंने एक कायदा बनाया कि स्कूल की 100 रुपये की फीस चुकाने के लिए अभिभावक को हर माह खुद आना होगा, ताकि छात्र-शिक्षक-अभिभावक के बीच एक अटूट रिश्ता कायम हो सके। आज नेपाल के 77 जिलों में समता शिक्षा निकेतन के 80 संस्थान चल रहे हैं और इनमें प्राइमरी से लेकर मास्टर्स तक की स्तरीय शिक्षा दी जाती है। इस समूह के शिक्षण संस्थान अब 20 अन्य देशों में भी चल रहे हैं, और इन सभी में नेपाल वाला पाठ्यक्रम ही पढ़ाया जाता है।

बीते 22 वर्षों का उत्तम संजल का हासिल यह है कि नेपाल के लगभग 60,000 छात्र-छात्राएं समता शिक्षा के स्कूलों व उच्च शिक्षण संस्थानों में महज 100 रुपये की मासिक फीस चुका अपना भविष्य संवार रहे हैं। इन स्कूलों के 51 बच्चे डॉक्टर बनकर मानवता की सेवा करने लगे हैं, तो 137 बीटेक की डिग्री हासिल करके विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं। यहां के कई बच्चे आज यूरोप व अमेरिकी विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप पर उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जाहिर है, ये उपलब्धियां समता शिक्षा निकेतन की स्तरीय शिक्षा की मुनादी करती हैं। ऐसे में, स्वाभाविक ही है कि जब लंदन के 'वर्ल्ड बुक ऑफरिकॉर्ड' ने उत्तम को काठमांडू में सम्मानित करने का फैसला किया, तो देश के तीन वर्तमान व पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, पुष्प कमल दाहाल और माधव कुमार नेपाल एक साथ उन्हें सम्मान देने चले आए!

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# यूनिवर्सिटी, सेना और एडमिशन

जेम्स मेरेडिथ, सामाजिक कार्यकर्ता



बिना लड़े या आधा लड़े या पूरा लड़ने के बाद हाथ पर हाथ धरे बैठ जाने से हाथ आई चीज भी कब सरक जाती है, पता नहीं चलता। असमानताओं के विरुद्ध संघर्ष सदा चला है और सदा चलेगा। आज दुनिया का शायद ही कोई ऐसा देश है, जहां इंसानों के बीच भेदभाव नहीं है। अमेरिका में 185 साल के कथित आदर्श लोकतंत्र के बावजूद काले-गोरे का भेद लोगों के सिर चढ़ा हुआ था। भारत ने आजाद होते ही सभी को मतदान का हक दे दिया, पर अमेरिका के अनेक राज्यों में अश्वेतों को इसी हक के लिए लंबा जूझना पड़ा।

दुनिया आज भी भूली नहीं है कि 20 जनवरी, 1961 को अमेरिका के नए राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा था, 'मेरे साथी अमेरिकियो, यह मत पूछो कि तुम्हारा देश तुम्हारे लिए क्या कर सकता है, यह पूछो कि तुम अपने देश के लिए क्या कर सकते हो। दुनिया के मेरे साथी नागरिको, यह मत पूछो कि अमेरिका आपके लिए क्या करेगा, बल्कि यह पूछो कि हम मिलकर इंसान की आजादी के लिए क्या कर सकते हैं।' दुनिया के सबसे शक्तिशाली मुल्क के राष्ट्रपति ने दोटूक आह्वान कर दिया था कि रोना-धोना छोड़ो, गरीबी, अन्याय, असमानता के विरुद्ध बदलाव का बिगुल बजा दो। कहा जाता है कि नेताओं का एक-एक लफ्ज इतिहास को दिशा देता है। कोई शक नहीं, युवा राष्ट्रपति का भाषण लोगों के दिल में घर कर गया था, उन्हीं में एक सेना का पूर्व जवान भी था, जिसे सोचने का एक नया ढंग मिल गया था। राष्ट्रपति की एक-एक बात पर वह अश्वेत युवा विचार करने लगा था। उसने तय कर लिया कि उसे भी देश की बेहतरी के लिए कुछ करना होगा।

उसने तय किया कि उसे आगे पढ़ना होगा, जबकि अमेरिका के दक्षिणी राज्य मिसिसिप्पी के विश्वविद्यालय में अश्वेतों का प्रवेश वर्जित था। उस अश्वेत ने यह सोचकर प्रवेश के लिए आवेदन कर दिया कि देखते हैं, नए राष्ट्रपति के दौर में असमानता कैसे खत्म होगी? जैसा कि होना था, उसके आवेदन को खारिज कर दिया गया। साफ कह दिया गया कि 'श्रीमान जेम्स मेरेडिथ आप श्वेत नहीं हैं, तो प्रवेश नहीं मिल सकता।' दूसरा कोई होता, तो हार मानकर बैठ जाता, मगर जेम्स का इरादा और पक्का हो गया। सेना की नौकरी ने इतना तो समझा दिया था कि कभी हार नहीं मानना है और जीतने तक लड़ते ही रहना है। राष्ट्रपति का भाषण रह-रहकर कानों में गूंजता था, 'यह पूछो कि तुम अपने देश के लिए क्या कर सकते हो।' फिलहाल देश को जगाना होगा, बार-बार झकझोरना होगा। जो लोग अच्छी जगहों पर कब्जा किए बैठे हैं, जो लोग संविधान को पूरी तरह से लागू होने में बाधक बने बैठे हैं, उन्हें हर हाल में समझौते के लिए मजबूर करना होगा। बार-बार मांगे बगैर प्रवेश न मिलेगा। जेम्स ने प्रवेश के लिए फिर आवेदन कर दिया और अन्याय को जगह-जगह रेखांकित करने लगे। श्वेत अन्यायी जब समझने को तैयार न हुए, तो जेम्स अपनी गुहार लिए अदालत पहुंच गए। अदालत ने भी फैसला सुना दिया कि रंग के आधार पर किसी को प्रवेश से वंचित नहीं कर सकते, सारे नागरिक समान हैं, पर अदालती आदेश के बावजूद न विश्वविद्यालय मानने को तैयार था और न मिसिसिप्पी के राज्यपाल पसीज रहे थे। अकेले जेम्स भी हार मानने को तैयार न थे। बात इतनी बढ़ी कि राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी तक पहुंच गई। श्वेत सामंतों ने श्वेत राष्ट्रपति की बात पर भी कान न दिया। अदालत में भी नाराजगी बढ़ गई। श्वेतों ने दंगा कर दिया, दो लोग गोलीबारी में मारे गए। जेम्स को झुकाने के लिए तरह-तरह के तिकड़म किए गए। प्रवेश से वंचित करने के लिए मिसिसिप्पी में रातोंरात एक कानून बना दिया गया और उस कानून के तहत जेम्स के खिलाफ उसी दिन मुकदमा ठोककर प्रवेश के अयोग्य करार दिया गया। ज्यादती की खबर फिर राष्ट्रपति तक पहुंची और अलग मिट्टी के बने राष्ट्रपति ने इस बार जेम्स को प्रवेश दिलाने के लिए सेना के तीस हजार जवानों को साथ भेज दिया। बेशक, दुनिया में न किसी छात्र को ऐसे प्रवेश मिला था और न कभी जरूरत पड़ेगी। एक सपना साकार हुआ, 1 अक्तूबर, 1962 को विश्वविद्यालय ने पहली बार एक अश्वेत को प्रवेश दिया। जेम्स की जीवनगाथा दुनिया में तमाम तरह के वंचितों को यह संदेश देती है कि तुम्हें अपने हक के लिए किसी भी हद तक जाना पड़ सकता है। दुनिया जरूर बदलेगी, बस, तुम कभी हिम्मत न हारना।

जेम्स मेरेडिथ (जन्म 1933) के संघर्ष को आज भी याद किया जाता है और उनके साथ ही राष्ट्रपति केनेडी भी याद किए जाते हैं, जिन्होंने कहा था कि यहां पृथ्वी पर भगवान का काम वास्तव में हमारा अपना काम होना चाहिए।

**प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़







## खास खबर

### निर्वाचन कार्य में लगे नोडल अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**गरियाबंद।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तैयारियों के अंतर्गत आज निर्वाचन कार्य में लगे समस्त नोडल,सहायक नोडल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन संबंधी विभिन्न कार्यवाहियों के कुशलता पूर्वक समय-सीमा में संपादित कराने की दृष्टि से निर्वाचन के नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आज आयोजित प्रशिक्षण में आदर्श आचार संहिता के अर्थ, उद्देश्य तथा इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों एवं भूमिका के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।इसके अलावा प्रशिक्षण में विभिन्न निगरानी समिति के कार्यों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई।बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा,जिला पंचायत सीईओ रीता यादव,उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत,डिप्टी कलेक्टर टी.आर. देवांगन,एसडीएम राजिम धनंजय नेताम,एसडीएम देवभोग अर्पिता पाठक,एसडीएम मैनपुर हितेश पिस्दा,सभी तहसीलदार के अलावा नोडल अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आदर्श आचार संहिता के उद्देश्यों की जानकारी दी।उन्होंने जिले में स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने हेतु सभी अधिकारी कर्मचारियों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से कार्य करते हुए निर्वाचन कार्य का संपादन करने को कहा।कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि निर्वाचन कार्यों के संपादन करते समय जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारी के कार्यों एवं व्यवहार में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता परिलक्षित होनी चाहिए।

### बेलाहीडबरी नाला में तीस लाख की लागत से होगा बांध का निर्माण, दो सौ एकड़ में होगी सिंचाई

**महासमुन्द।** तीस लाख की लागत से ग्राम खट्टी के बेलाहीडबरी नाला पर स्टाप डेम का निर्माण कराया जाएगा। डेम निर्माण के बाद करीब दो सौ एकड़ में सिंचाई हो सकेगी। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से इसके लिए मंजूरी मिली है। डैम निर्माण के लिए ग्राम खट्टी में भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, हुलासगिरी गोस्वामी, शेखर चंद्राकर, दुजराम साहू, चमन सिन्हा, रेवा साहू, सुनील शर्मा, प्रेम चौहान मौजूद रहे। पूजा अर्चना बाद मुख्य अतिथि चंद्राकर ने डैम निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने कहा कि बेलाहीडबरी पर स्टाप डेम के लिए ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे थे। जिसे गंभीरता से लेते हुए शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षित कराया। बाद इसके स्टाप डेम निर्माण के लिए कैंपा मद से लगभग तीस लाख की स्वीकृति मिल सकी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बेलाहीडबरी नाला में डैम का निर्माण हो जाएगा। इससे करीब दो सौ एकड़ में सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी। संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि शासन द्वारा ग्रामीणों को लाभान्वित कराने के लिए कई योजनाएं संचालित कर विकास की मुख्यधारा से जोडऩे का प्रयास किया जा रहा है। भूपेश सरकार द्वारा प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

#### छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा- शिकायत आने पर हर एक शिकायत की गंभीरता से जांच करेंगे

# यदि कहीं कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी जांच करेंगे और दोषी कोई भी होगा तो कार्रवाई होगी : मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पीएससी की परीक्षा देने वाले किसी भी एक अभ्यर्थी ने अब तक शिकायत नहीं की है। यदि किसी तरह की कोई भी शिकायत आती है या किसी अभ्यर्थी द्वारा एक भी शिकायत की जाती है तो हम हर शिकायत की गंभीरता से जांच करेंगे। किसी का अधिकार छीनने का किसी को भी हक नहीं है। जब आप योग्य हैं, आप परीक्षा दे रहे हैं, आप पात्रता रखते हैं तो उसका लाभ आपको निश्चित रूप से मिलना चाहिए। यदि कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी जांच करेंगे और यदि कोई दोषी है तो उस पर जरूर कार्रवाई होगी।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैं छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ हूं। उन्होंने युवा साथियों से अपील करते हुए कहा कि युवा साथी किसी भी तरह के बहकावे में ना आए, अपनी तैयारी मेहनत और लगन से करते रहे। पीएससी की परीक्षा के रिजल्ट आए कई दिन हो गए हैं, अब तक किसी भी अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी अधिकारी का पुत्र-पुत्री होने में कोई दोष नहीं है, परीक्षा में सारे अभ्यर्थी समान रूप से शामिल होते हैं और उसी तर्ज पर सफलता पाते हैं। लेकिन यदि इसका अनुचित लाभ उठाया जाता है तो यह गलत है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के विभिन्न चरणों में अभ्यर्थियों द्वारा तरह-तरह के अभ्यावेदन/शिकायत दिए जाते हैं जैसे कि शैक्षणिक अर्हता आयु मे छूट, आरक्षण रोस्टर, लिंग/जन्मतिथि परिवर्तन आवेदनों को भरने में विभिन्न प्रकार की त्रुटि. अनुक्रमांक, केन्द्र, परीक्षा की तिथि आगे-पीछे करने आदि प्राप्त सभी अभ्यावेदनों/शिकायतों पर आयोग द्वारा तत्काल संज्ञान में लिया जाकर निराकरण किया जाता है तथा अभ्यावेदनों/शिकायतों पर आवश्यक कार्यवाही निर्धारित समय में की जाती है जिससे कि अभ्यर्थियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

वर्ष भर परीक्षाओं को निर्बाध रूप से संपन्न कराने की कार्यवाही लगातार करते रहने एवं अभ्यर्थियों के आवेदनों को समय पर निराकरण करने में आयोग द्वारा पूर्ण पारदर्शिता बरती जाती है। इसके उपरांत अभ्यर्थियों एवं कतिपय लोगों के द्वारा भ्रामक जानकारी देकर आयोग को आक्षेप लगाया गया है कि ये परीक्षा में बैठे हैं, साक्षात्कार में भी उपस्थित हुए हैं. परन्तु उनके उत्तीर्ण होने की घोषणा में दूसरे का नाम जारी कर दिया गया है। उक्त प्रकरण की जांच करने पर शिकायत तथ्यहीन व निराधार पायी गई तथा संबंधित अभ्यर्थी के विरूद्ध आयोग द्वारा एफआई.आर दर्ज कराया गया। इसी प्रकार एक अन्य अभ्यर्थी के द्वारा अधिक अंक प्राप्त होने के उपरांत भी साक्षात्कार में नहीं बुलाने संबंधी अभ्यावेदन/शिकायत आयोग कार्यालय को प्राप्त हुआ था, प्राप्त अभ्यावेदन/शिकायत का परीक्षण करने पर अभ्यावेदन/शिकायत गलत पाया गया। अभ्यर्थी को आयोग के परीक्षा संबंधी समस्त नियमों के अनुरूप अनर्ह किया गया है और इस बाबत अभ्यर्थी को सूचित भी किया गया है। आयोग को पिछले एक वर्ष में विभिन्न अभ्यावेदको से लगभग कुल 95 अभ्यावेदन/शिकायत प्राप्त हुए, जिनमें से 76 प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है तथा शेष 19 प्रकरणों पर प्रक्रिया चल रही है। कोई भी अभ्यावेदन/ शिकायत आयोग में शेष नहीं है। उपरोक्त तथ्यों से यह स्पष्ट हो रहा है कि आयोग प्राप्त अभ्यावेदनो/शिकायतों पर विचार कर की गई कार्यवाही से अभ्यावेदकों को अवगत कराता है।

### अभ्यर्थी अधिकृत ई-मेल पर कर सकते हैं शिकायत

यदि किसी भी अभ्यर्थी को आयोग में अभ्यावेदन/शिकायत प्रस्तुत करना हो तो आयोग के अधिकृत ई-मेल आई डी cgpsc.cg@gov.in एवं आयोग कार्यालय छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, नार्थ ब्लॉक सेक्टर-19, अटल नगर नया रायपुर के शिकायत प्रकोष्ठ (विधि अनुभाग) में सीधे अभ्यावेदन/शिकायत प्रस्तुत कर सकते है, जिनका नियमानुसार निराकरण कराया जाकर संबंधितों को सूचित करने की कार्यवाही की जावेगी।

## मानव-हाथी द्वंद पर नियंत्रण: एनिमल ट्रैकिंग एप पर कार्यशाला आयोजित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वन मंत्री मोहम्मद अकबर के दिशा-निर्देश के अनुरूप राज्य में विभाग द्वारा मानव-हाथी द्वंद पर नियंत्रण के लिए जन-जागरूकता लाने सहित अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस तारतम्य में वनमण्डल बालोद अंतर्गत गत दिवस 29 सितम्बर को एनिमल ट्रैकिंग एप का एक दिवसीय वनमण्डल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की टीम द्वारा एप की जानकारी वनमण्डल बालोद के सभी फील्ड स्टाफ एवं हाथी मित्र दल को दिया गया। वनमंडलाधिकारी बालोद श्री आयुष जैन ने बताया कि इस एप के माध्यम से छत्तीसगढ़ में विचरण कर रहे हाथी के लोकेशन ट्रेस करने में मदद मिलेगी। जिससे हाथी द्वारा विचरण किए जा रहे रूट का डाटा एप में स्टोर हो जाएगा। इसके सफल क्रियान्वयन से मानव-हाथी द्वंद को रोकने में भरपूर सहायता मिलेगी। इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही.श्रीनिवास राव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के हाथी प्रभावित इलाकों में ग्रामीणों को सतर्क करने के लिए वन प्रबंधन सूचना प्रणाली (एफएमआईएस) और वन्यजीव विंग द्वारा संयुक्त रूप से इस एप को विकसित किया गया है।

यह एप एलीफैंट ट्रैकर्स (हाथी मित्र दल) से प्राप्त इनपुट के आधार पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई पर काम करता है। इस एप का उद्देश्य हाथी ट्रैकर्स द्वारा की जाने वाली 'मुनादी' के अलावा प्रभावित गांव के प्रत्येक व्यक्ति को मोबाइल पर कॉल, एसएमएस, व्हाट्सएप अलर्ट के भेजकर हाथियों की उपस्थिति के बारे में सूचना पहुंचाना है। इस तरह विभाग द्वारा जंगली हाथियों के साथ साहचर्य हेतु ग्रामीणों में जनजागरूकता, प्रचार-प्रसार एवं ग्रामीणों को शिक्षा तथा उनके साथ द्वंद से बचने के लिए उपायों को आदान-प्रदान करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

## मोदी ईमानदार होते तो रमन सिंह और आधा मंत्रिमंडल जेल में होता - दीपक बैज

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का प्रतिकार करते हुये कांग्रेस ने कहा कि मोदी की गारंटी की कोई गारंटी नहीं है वर्ना देश में महंगाई कम हो जाती। प्रधानमंत्री ईमानदार होते तो रमन सिंह और उनका आधा मंत्रिमंडल जेल में होता। प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार पर बातें तो करते है लेकिन जैसे भाजपा नेताओं और अपने उद्योगपति मित्र के भ्रष्टाचार की बात होती है प्रधानमंत्री मौनी बाबा बन जाते है। अडानी के घोटालों पर पूरा देश प्रधानमंत्री से जवाब चाहता है, प्रधानमंत्री नहीं बोलते।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री से छत्तीसगढ़ में 36000 करोड़ के नान घोटाले, 6200 करोड़ के चिटफंड घोटाले, पनामा पेपर घोटाले की जांच करवाने पत्र लिखा था लेकिन प्रधानमंत्री ने अपने दल के नेताओं को बचाने के लिये जांच नहीं करवाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और पूरी भाजपा कांग्रेस से डरी हुई है यह प्रधानमंत्री के भाषणों और भाजपा नेताओं के आचरण से लगता है। प्रधानमंत्री के भाषणों की घबराहट बता रही है वे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की लोकप्रियता से डरे हुये है। डर के कारण ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह छत्तीसगढ़ में गोपनीय बैठके करते हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि बिना किसी साक्ष्य के चुनावी लाभ के लिये प्रधानमंत्री ने पीएससी जैसी संवैधानिक संस्था पर गलत आरोप लगाकर पीएससी की छवि खराब करने का काम किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने झूठ बोला कि धान केंद्र खरीदती है, छत्तीसगढ़ में धान भूपेश सरकार अपने दम पर खरीदती है। मोदी सरकार तो सिर्फ अडंगा लगाती है, चावल भी लेते है तो ऐसा बर्ताव करेंगे जैसे अहसान कर रहे है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता मोदी के बहकावे में नहीं आने वाली। राज्य ने 15 साल के भाजपा के कुशासन को भोगा है देश साढ़े नौ साल से मोदी की निकम्मी सरकार को भी झेल रही है। 2014 में किये वायदों को तो मोदी पूरा नहीं किये, अब नया सब्जबाग दिखाने झूठ बोल रहे थे। साढ़े नौ साल सरकार चलाते हो गया, प्रधानमंत्री अपने वायदों महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की आय दुगुनी करने के संबंध में एक शब्द भी नहीं बोले। छत्तीसगढ़ की यात्री ट्रेने रोज रद्द की जा रही प्रधानमंत्री उसका जवाब क्यों नहीं देते? अडानी का कोयला छत्तीसगढ़ से ढोने मालगाडिय़ां चल रही है, राज्य के निवासियों के लिये रेल सुविधा केंद्र ने बंद कर दिया। प्रदेश की जनता जानना चाहती है हमारी ट्रेनों को मोदी सरकार क्यों बंद कर रही है? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की छत्तीसगढ़ विरोधी नीति के कारण भूपेश सरकार ने राज्य के आवासहीनों के लिये मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास न्याय योजना शुरू किया है। मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ के 7 लाख आवासहीनों के आवासों को रद्द कर दिया इसलिये राज्य के इन गरीबों के खाते में भूपेश सरकार ने आवास की पहली किस्त दे दिया। मोदी 2011 की गणना के बाद के आवासहीनों को मकान नहीं दे रही, भूपेश सरकार ने आर्थिक सर्वेक्षण करवा कर राज्य के हर आवासहीन को मकान दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा गरीब ओबीसी, आदिवासी, अनुसूचित जाति विरोधी है। यही कारण है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजभवन से सर्वसमाज के लिये बनाये गये आरक्षण बिल को हस्ताक्षर नहीं करने दे रहे है। भाजपा के षडयंत्रों के कारण गरीबों को आरक्षण नहीं मिल पा रहा। यदि आरक्षण बिल लागू होता तो राज्य के ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत, आदिवासी समाज को 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 13 प्रतिशत, सामान्य गरीब वर्ग 4 प्रतिशत आरक्षण मिलता।


## संसदीय सचिव जैन ने 231 शिक्षकों को दिए नियुक्ति पत्र, 7 ब्लॉकों में हुई सहायक शिक्षकों की नियुक्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज प्रदेश में नियुक्त नए सहायक शिक्षकों को वर्चुअल कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसी कड़ी में जगदलपुर में आयोजित समारोह में संसदीय सचिव एवं जगदलपुर के विधायक रेखचंद जैन ने बस्तर जिले के नव नियुक्त 231 सहायक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। नियुक्ति पाकर युवा खुशी से झूम उठे। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इन सहायक शिक्षकों में विकासखंड जगदलपुर के 29, बस्तर के 72,



बकावंड के 29, दरभा के 23, तोकापाल के 22, लोहंडीगुड़ा के 33, बास्तानार विकासखंड के 23 सहायक शिक्षक शामिल हैं। सामान्य वर्ग के 12, पिछड़ा वर्ग के 80, अनुसूचित जाति के 8 एवं अनुसूचित जनजाति के 131 युवाओं को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति मिली है। इस अवसर पर नए सहायक शिक्षकों को संबोधित करते हुए विधायक एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जो कहते हैं, उसे करके दिखाते हैं। आज पूरे प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों में तब खुशी की लहर दौड़ गई, जब उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। श्री जैन ने कहा कि पहले नियुक्ति के बाद 70 प्रतिशत तनख्वाह मिलती थी, उस विसंगति को संवेदनशील मुख्यमंत्री ने समाप्त कर दिया है। अब नियुक्ति के बाद पूरी 100 प्रतिशत तनख्वाह मिलेगी। नवनियुक्त शिक्षकों ने कहा - यह है भरोसे की सरकार, जो कहा सो किया। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी कांग्रेस सरकार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान समेत शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।






## खास खबर...



### रेल यात्रियों को दी सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह

**रायपुर (ए)।** भारतीय रेलवे में स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता-पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 30 सितम्बर को नो सिंगल यूज प्लास्टिक थीम पर रायपुर रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर निरीक्षण एवं श्रमदान किया गया। रंग कोड के आधार पर कूड़ेदानों की उपलब्धता देखी गई। सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को करने हेतु यात्रियों को सलाह दी गई। साथ ही प्लास्टिक बोतल नष्ट करने वाली मशीन का कार्य देखा गया। जीरो वेस्ट कचरा मुक्त प्लेटफॉर्म और पटरी को लेकर अभियान चलाया गया। यात्रियों को बताया गया कि पानी की खाली बोतल, चाय-काफी के डिस्पोजेबल कप स्टेशन परिसर में न फेंके। पानी की खाली बोतलों को बोतल क्रेशर मशीन में डाल दें, ताकि उसे रीसायकल कर दूसरे उपयोग में लाया जा सके। प्लास्टिक बोटल क्रेशर मशीन का उपयोग कर स्वच्छता में अपना सहयोग करें इसके साथ ही दैनिक जीवन मे प्लास्टिक का उपयोग न करे और जूट के बने बैग का उपयोग करने की सलाह दी करे हेतु जागरूक किया गया । इसी तरह लोगो से यह भी अपील किया गया की स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में किसी भी तरह का गन्दगी न फैलाये। स्टेशन पर सभी वेंडरो को भी इस हेतु जागरूक किया गया कि प्लास्टिक बैग का उपयोग न करें। इसके साथ ही स्टेशन सरकुलेटिंग एरिया में यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमे किसी भी तरह का कचरा स्टेशन परिसरों, प्लेटफॉर्म और पटरियों पर न फेंके उसे डस्टबीन में ही डाले।

### नवनियुक्त 6 हजार से अधिक शिक्षकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रथम चरण में 500 शिक्षकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण 9 से 13 अक्टूबर तक

**रायपुर।** सत्र 2023 में नवनियुक्त 6 हजार से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार वर्तमान नियुक्त 6 हजार 607 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना है। इनमें 2 हजार 496 सहायक शिक्षक, 3 हजार 875 शिक्षक और 236 व्याख्याताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन शिक्षकों का प्रशिक्षण 15 चरणों में सम्पन्न होगा। प्रथम चरण में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में नवनियुक्त शिक्षकों का 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 9 से 13 अक्टूबर तक आयोजित किया गया है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण अंजनेय यूनिवर्सिटी (केआईटीई) नरदहा रायपुर में सरगुजा और बलरामपुर जिले के 100-100 शिक्षकों तथा बस्तर कोण्डागांव, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के 100-100 शिक्षकों का प्रशिक्षण एससीईआरटी शंकर नगर रायपुर में आयोजित किया गया है।

### जनसंपर्क विभाग के लेखापाल जाहिद मिर्जा सेवानिवृत्त

**रायपुर (ए)।** जनसंपर्क संचालनालय में पदस्थ लेखापाल जाहिद मिर्जा के आज अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर विभाग की ओर से उन्हें विदाई दी गई। इस मौके पर आयोजित विदाई समारोह में जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक जेएल दरियो, उमेश मिश्रा, संजीव तिवारी, संयुक्त संचालक पंकज गुप्ता, हर्षा पौराणिक, डीए कुशराम, पवन गुप्ता सहित अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिर्जा को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ, सुदीर्घ, सुखमय जीवन की कामना की।

लेखापाल जाहिद मिर्जा की सेवानिवृत्ति पर जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी उनके सुखद एवं निरोगी जीवन की कामना की। उल्लेखनीय है कि मिर्जा ने अपने दीर्घ सेवाकाल में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए अपने कर्तव्यों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। उन्होंने अविभाजित मध्यप्रदेश से अपनी सेवा की शुरूआत की।

# छत्तीसगढ़ की प्राचीन संस्कृति एवं परम्पराओं से बनी पहचानः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**मुख्यमंत्री ग्राम सांकरदाहरा में राष्ट्रीय संत सम्मेलन एवं किसान मिलन समारोह में हुए शामिल**

### गौ सेवा करने से संतों का मिलता है आर्शीवाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड के ग्राम सांकरदाहरा में चातुर्मास महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय संत सम्मेलन एवं किसान मिलन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनता की सेवा करना है। गरीब एवं जरूरतमंदों, माताओं, वनांचल क्षेत्र के आदिवासियों, किसान, मजदूर एवं संत महात्मा की सेवा करना है। हमारी सरकार ने लगातार इस दिशा में कार्य करते हुए लगभग 5 वर्ष पूर्ण किया है और इन 5 वर्षों में कई चुनौतियां भी रहीं। कोविड-19 संक्रमण के समय विकट संकट आया। इस महामारी के दौरान सरकार द्वारा किसानों की मदद के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना लाई गई। संतों का ध्यान गौवंश की रक्षा में रहता है। गौ सेवा करने से संतों का आशीर्वाद मिलता है, क्योंकि यह संतों के हृदय की बात होती है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि पहले छत्तीसगढ़ नक्सलगढ़ के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब छत्तीसगढ़ हमारी प्राचीन संस्कृति और परम्पराओं के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को संत महात्माओं का आशीर्वाद लगातार मिल रहा है और छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में ट्रेक्टर एवं हारवेस्टर जैसे आधुनिक यंत्र आ गये हैं। बैल को खुले में छोड़ देने के कारण फसलों को नुकसान होता है। सरकार द्वारा गौठान की परम्परा को मजबूत करने की कोशिश की गई। गौठानों को पुनर्जीवित करते हुए साढ़े 10 हजार गौठान बनाये गये हैं। सरकार द्वारा गौठानों के माध्यम लगभग डेढ़ लाख एकड़ जमीन आरक्षित की गई है। बिना किसी विवाद एवं दण्ड के गौमाता के नाम से प्रदेश भर में गौठान एवं चारागाह के लिए जमीन आरक्षित की गई। गौठानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि गौमाता गौठान डे-केयर के रूप में रहे और शाम को गौमाता अपने मालिक के पास रहे, ताकि लोगों का जुड़ाव गौमाता से बना रहे। गौठानों में गोधन न्याय योजना के तहत 2 रुपए प्रति किलो में गोबर खरीदी की है। अब तक 135 लाख क्विंटल गोबर खरीदी की गई है और 270 करोड़ रुपए गोबर बिक्री करने वाले पशुपालकों के खाते में चला गया है। खरीदे गये गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया गया और 12 लाख क्विंटल से अधिक वर्मी कम्पोस्ट खेतों में पहुंच गया है और हम जैविक खेती की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह इस बात का उदाहरण है कि गोबर से इतना बड़ा व्यापार खड़ा हो सकता है। गौठान के कारण फसल चराई की शिकायत नहीं आती। गौठान में अब बाड़ी, गमला, दीया, प्राकृतिक पेंट निर्माण किया जा रहा है। अब तक 4 लाख लीटर प्राकृतिक पेंट का निर्माण किया गया है।

इस अवसर पर अंनत विभुषित कनिष्ठ जगत गुरू शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती जी महाराज, महात्यागी महामण्डलेश्वर राम बालक दास सहित अन्य संतगण, संसदीय सचिव व विधायक मोहला-मानपुर इन्द्रशाह मंडावी, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष व डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक छन्नी साहू, खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महामंडेलश्वर राजेश्री डॉ. महंत रामसुंदर दास, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग रायपुर की अध्यक्ष तेजकुंवर नेताम, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्याव्यवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, महापौर हेमा देशमुख, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान, राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक, जीव-जन्तु बोर्ड के सदस्य संजय जैन, पूर्व विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान व नागरिकगण उपस्थित थे।



### कृष्ण कुंज में लगाए जा रहे हैं प्राचीन वृक्ष

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों एवं शासकीय भवनों को प्राकृतिक गोबर से किया जा रहा है और एक व्यवसाय खड़ा किया गया है। गोबर खरीदी होने से गौमाता की अच्छी सेवा हो रही है। रासायनिक खाद से प्राप्त अन्न से कई तरह की बीमारियां बढ़ रही हैं। जैविक खेती को अपनाते हुए मानवता की सेवा की दिशा में आगे बढ़ रहे है, जिससे बीमारियां कम होगी। सरकार द्वारा राम वन गमन पथ बनाया गया है। चंदखुरी में माता कौशिल्या का निवास होने के कारण भगवान श्रीराम का ननिहाल है। शिवरीनारायण, चम्पारण एवं अन्य धार्मिक स्थलों को पर्यटकों के लिए विकसित किया जा रहा है। नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज में प्राचीन वृक्ष लगाए जा रहे हैं। आदिवासियों के लिए देवगुड़ी, सतनामी समाज के लिए मॉडल जैतखाम, दामाखेड़ा में कबीर सरोवर का निर्माण कर रहे है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी संतों का साल भेंट कर सम्मानित किया और संतों से छत्तीसगढ़ की प्रगति एवं सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया।

## मुख्यमंत्री को बस्तर दशहरा पर्व में शामिल होने का आमंत्रण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में बस्तर सांसद दीपक बैज के नेतृत्व में बस्तर दशहरा समिति जगदलपुर के प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व 2023 में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने बस्तर दशहरा में आमंत्रित करने के लिए प्रतिनिधिमण्डल को धन्यवाद देते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।



गौरतलब है कि 75 दिवसीय विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व हरेली अमावस्या से प्रारंभ होकर आश्विन शुक्ल पक्ष के 13वें दिन तक मनाया जाता है। देश के तीन भागों में दशहरे की अलग पहचान है, मैसूर (कर्नाटक) एवं किन्नौर (हिमाचल प्रदेश) के अलावा छत्तीसगढ़ के बस्तर का दशहरा अपने आप में अनूठा है। चालुक्य नरेश पुरूषोत्तम देव द्वारा पुरी के जगन्नाथ मंदिर जाकर रथपति की उपाधि के साथ वापस लौटने के प्रतीक स्वरूप रथ उत्सव गोंचा पर्व व दशहरा का आयोजन किया जाता है।

वर्तमान में बस्तर के निवासियों द्वारा बस्तर अंचल की प्रमुख आराध्य देवी मां दन्तेश्वरी के सम्मान में श्रद्धापूर्वक दशहरा मनाया जाता है। बस्तर दशहरा यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इस पर्व में समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए कार्य निर्धारित है। बस्तर दशहरा हर वर्ष अद्वितीय उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जाता है। बस्तर दशहरा देखने के लिए देश-विदेश से हजारों पर्यटक हर वर्ष बस्तर आते हैं।

## श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने राज्य सरकार की ठोस पहलः सुशील अग्रवाल

**रायपुर (ए)।** भारत सरकार द्वारा वर्तमान में अटल पेंशन योजना नही बल्कि श्रम योगी मानधन पेंशन योजना लागू है। इसमें 18 वर्ष से लेकर 40 वर्ष आयु के मजदूर ही शामिल हो सकते है और 18 वर्ष से 60 वर्ष तक 55 रूपये से 200 रूपयें तक उम्र अनुसार अंशदान जमा करने पर ही 60 वर्ष आयु पूर्ण करने पर पेंशन का लाभ मिलेगा, जबकि भूपेश बघेल के मंशाअनुरूप मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना में पंजीकृत श्रमिक को कोई भी अंशदान देने की आवश्यकता नहीं है 10 वर्ष से यदि पंजीकृत है तो 60 वर्ष पश्चात् उसे प्रतिमाह 1500 रूपए जीवन पर्यन्त पेंशन मिलेगा।



भवन सन्निर्माण कर्मकार मण्डल अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल ने बताया कि यही नहीं हमने 60 वर्ष पूर्ण करने वाले ऐसे निर्माण श्रमिक जिनके पंजीयन को मात्र 3 वर्ष पूर्ण किया हो उन्हे मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत् 20 हजार अनुदान दिया जाता है, इसके अंतर्गत अब तक 1,486 श्रमिकों को 2 करोड़ 97 लाख 20 हजार रुपए वितरित किया गया है।

उन्होंने बताया कि पूर्व में कन्या विवाह योजना अंतर्गत श्रमिकों की पुत्री के विवाह हेतु 20 हजार रुपए दिया जाता था, जबकि महिला बाल विकास विभाग द्वारा कन्याओं के सामूहिक विवाह में प्रति कन्या 50 हजार रुपए दिया जाता है। इसलिये श्रमिकों की कन्या विवाह योजना को महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना में शामिल कर दिया गया है तथा श्रम विभाग द्वारा निर्माण श्रमिकों की पुत्रियों के लिये मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना संचालित की जा रही है, जिसमें निर्माण श्रमिक की 02 पुत्रियों को स्वयं के विवाह शिक्षा या स्वयं के व्यवसाय हेतु 20 हजार रुपए अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना अंतर्गत अब तक 49 हजार 81 कन्याओं को 98 करोड़ 16 लाख 20 हजार रुपए की राशि वितरित की गई है।

छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना एवं मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 01 जनवरी 2019 से अब तक लगभग 3, 10, 128 आश्रित बच्चों को 64.71 करोड़ रुपए की राशि वितरित की गई है। यही नही बल्कि पंजीकृत निर्माण मजदूर के बच्चें यदि 01 वर्ष की डिग्री कोर्स हेतु विदेश में शिक्षा प्राप्त करने जाना चाहते है तो उनके बेहतर शिक्षा हेतु रुपए 50 लाख तक अनुदान दिये जाने का प्रावधान भी किया गया है।

## भूपेश सरकार ने किसानों से किया हर वादा पूरा किया, मोदी-रमन ने धोखा दियाः कांग्रेस

**रायपुर (ए)।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों के सभी वादा को पूरा किया है और मोदी एवं रमन सरकार ने किसानों के साथ सिर्फ वादा खिलाफी की है। भूपेश सरकार ने वादा अनुसार 20 लाख किसानों को कर्ज मुक्त किया 350 करोड़ का सिंचाई कर माफ किया, धान की कीमत 2500 रु दिया, स्थाई पंप कनेक्शन दिया और 10200 करोड़ की बिजली मुफ्त दिया। योजनाबद्ध तरीके से किसानों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाया और कृषि को लाभकारी बनाया है। वही रमन सिंह ने किसानों को धान की कीमत 2100 रु एवं 300 रु. बोनस प्रति क्विंटल नहीं दिया। नरेंद्र मोदी की सरकार ने किसानों को स्वामीनाथन कमेटी के सिफारिश के अनुसार लागत मूल्य का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य नहीं दिया 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा को पूरा नहीं किया है। मोदी सरकार ने तीन काला कृषि कानून बनाकर किसानों को गुलाम बनाने का षड्यंत्र रचा जिसे कांग्रेस और देशभर के किसानों ने विरोध किया।



प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार चालू खरीफ सीजन में किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी लगभग 2800 रुपए के प्रति क्विंटल के दाम पर करेगी इस वर्ष किसान प्रति एकड़ 60000 रु का धान बचेंगे और आने वाले समय में भूपेश सरकार किसानों को धान की कीमत 3600 रु प्रति क्विंटल तक देगी। प्रदेश के किसान खुशहाल हैं छत्तीसगढ़ में किसानों को जो धान की कीमत मिल रहा है।किसी भी भाजपा शासित राज्यों में नहीं मिल रहा है भाजपा के नेता धान खरीदी के मामले में झूठ बोलकर राजनीति कर रहे हैं मोदी सरकार एक दाना धान नहीं खरीदती है ना ही धान खरीदने के लिए एक ढेला पैसा देती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार बनने के बाद देशभर के 16 करोड़ से अधिक किसानों के ऊपर 21 लाख करोड रुपए का कर्ज चढ़ चुका है मोदी सरकार चद्र पूंजीपतियों का 14 लाख करोड रुपए का कर्ज माफ की है लेकिन किसानों का 1 रु. कर्ज माफ नहीं की है और बल्कि कृषि कार्यों में उपयोग होने वाले यंत्रों रासायनिक उर्वरकों और डीजल पर मनमाना टैक्स लगाकर किसानों से वसूली कर रही है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# खाली पेट चुकंदर का जूस पिएं, शरीर के साथ-साथ दिल को रखेगा एकदम फिट

सेहतमंद रहना है तो दिल को हेल्दी रखना बेहद जरूरी है। शरीर के साथ-साथ दिल को सेहतमंद रखना है तो सुबह उठकर खास डाइट को फॉलो करें। खाली पेट कुछ खास जूस को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए। यह खास ड्रिंक कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कंट्रोल में रखता है। आपका दिल कितना ज्यादा हेल्दी है यह आपके खानपान और लाइफस्टाइल से जुड़ा हुआ है। दिल आपका सेहतमंद रहे इसके लिए ऑर्टरी और वेन्स को हेल्दी रहना बेहद जरूरी है।

**दिल के बेहतर स्वास्थ्य के लिए खाली पेट इन ड्रिंक्स को पिएं**

### चुकंदर का जूस

चुकंदर का जूस कई तरह के पोषक तत्वों से जुड़ा हुआ है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीटरूट पोषक तत्वों का पावरहाउस होता है। इसमें काफी मात्रा में नाइट्रेट होता है। जो ब्लड सर्कुलेशन को अच्छा रखता है। साथ ही साथ बीपी को कंट्रोल में रखता है। खाली पेट चुकंदर का जूस पीने से आपके दिल को काफी ज्यादा फायदा होता है।

### गर्म नींबू पानी

अपने दिन की शुरुआत एक गिलास गर्म नींबू पानी से करें। नींबू विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। जो सूजन को कम करने और रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकता है। यह पाचन और विषहरण में भी सहायता करता है। स्वस्थ हृदय का समर्थन करता है।

### हरी चाय

ग्रीन टी कैटेचिन नामक एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है। जो हृदय स्वास्थ्य में सुधार से जुड़ा हुआ है। खाली पेट एक कप ग्रीन टी पीने से कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और ब्लड सर्कुलेशन के कार्य में सुधार करने में मदद मिल सकती है।



### हल्दी दूध (गोल्डन मिल्क)

हल्दी में करक्यूमिन होता है, जो एक शक्तिशाली सूजन रोधी यौगिक है। गर्म दूध में एक चम्मच हल्दी मिलाने से एक सुखदायक पेय बनता है जिसे गोल्डन मिल्क कहा जाता है। नियमित रूप से सेवन करने पर यह सूजन को कम करने और हृदय स्वास्थ्य का समर्थन करने में मदद कर सकता है।

### क्रैनबेरी जूस

क्रैनबेरी एंटीऑक्सिडेंट और पॉलीफेनोल्स से भरपूर होते हैं जो हृदय रोग के जोखिम को कम करके हृदय स्वास्थ्य का समर्थन कर सकते हैं। अतिरिक्त शर्करा से बचने के लिए बिना मिठास वाला क्रैनबेरी जूस चुनें। इन जूसों को आप खाली पेट अगर रोजाना पिएंगे तो इससे शरीर सेहतमंद तो रहेगा ही साथ ही साथ दिल भी हेल्दी रहेगा।

## फिल्म खो गए हम कहां सिनेमाघरों में नहीं होगी रिलीज, निर्माताओं ने चुना ओटीटी का रास्ता

**अर्जुन वरन सिंह के निर्देशन में बन रही फिल्म खो गए हम कहां पिछले कुछ वक्त से चर्चा में है। इसमें अनन्या पांडे, आदर्श गौरव और सिद्धांत चतुर्वेदी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इन तीनों की तिकड़ी देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं। अब फिल्म की रिलीज से जुड़ी एक खबर आई है।**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के निर्माताओं ने खो गए हम कहां की रिलीज के लिए सिनेमाघरों को छोड़ ओटीटी प्लेटफॉर्म का रास्ता चुन लिया है।

फिल्म खो गए हम कहां ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। हालांकि, अभी निर्माताओं ने इसकी रिलीज की तारीख का ऐलान नहीं किया है। फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण किया जाएगा। इसकी कहानी जोया अख्तर, अर्जुन वरैन सिंह और रीमा कागती ने लिखी है।खो गए हम कहां दोस्ती पर आधारित फिल्म है, जिसमें मनोरंजन का डोज शामिल होगा। फिल्म में बॉम्बे शहर में तीन दोस्तों की कहानी देखने को मिलेगी।

## सुपर स्टार आदित्य ओझा और अक्षरा सिंह की फिल्म' बाबुल कर दे बिदा आज तू प्यार से' का फर्स्ट लुक रिलीज




भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के सबके चहेते युवा सुपर स्टार आदित्य ओझा और अक्षरा सिंह की फिल्म' बाबुल कर दे बिदा आज तू प्यार से' का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के फर्स्ट लुक मे आदित्य ओझा दूल्हे की भूमिका में नजर आ रहे वही अक्षरा सिंह दुल्हन की किरदार में बिदा होते नजर आ रही हैं। बाकी फिल्म के पोस्टर से साफ साफ पता चल रहा है की फिल्म पारिवारिक और फैमली ड्रामा से भरपूर है। फिल्म के गाने भी एक से बढ़कर एक है जो कि आप सभी अपने परिवार के साथ देख सकते है। फिल्म के निर्माता मंजुल ठाकुर, अपूर्व मेड़तिया और मोनिका सिंह है। फिल्म के निर्देशक मंजुल ठाकुर है। लेखक अरविंद तिवारी, संगीतकार ओम झा, कार्यकारी निर्माता अनिल नैनन, नृत्य कानू मुखर्जी और सुदामा मिंज है। डीओपी सरराज आर खान है। संकलन समीर शेख है।

फिल्म के मुख्य भूमिका में आदित्य ओझा, अक्षरा सिंह, मनोज सिंह टाइगर, प्रेम दुबे, जय प्रकाश सिंह, आदि अन्य कलाकार नजर आएंगे।

## भोजपुरी फिल्म' बंधन सच्चे धागों का' की शूटिंग 27 अक्टूवर से होगी स्टार्ट

आयुष मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनने जा रही है भोजपुरी फिल्म' बंधन सच्चे धागों का' जिसकी सूटिंग 27 अक्टूबर से उत्तरप्रदेश के खूबसूरत लोकेशन जौनपुर में होगी। इसकी जानकारी फिल्म के निर्माता सत्येन्द्र तिवारी ने अपनी निजी पीआरओ रितिक कौशिक को दी। फिल्म की सूटिंग की पूरी तैयारी हो चुकी है बात करे फिल्म की लोकेशन की तो बहुत ही शानदार और अध्भुत है उसी लोकेशन पे ये पूरी फिल्म फिल्मया जाएगा। फिल्म की कहानी की बात करे तो फिल्म के टाइटल से साफसाफपता चल रहा है कि फिल्म लव स्टोरी व साफ सुथरी पारिवारिक फिल्म होने वाली है। इस फिल्म के निर्माता सतेन्द्र तिवारी है। निर्देशन का बागडोर निर्देशक संजय श्रीवास्तव संभालेंगे। फिल्म में गानो को अपना मधुर संगीतो से गाने को सजायेंगे संगीतकार मधुकर आनंद, नृत्य कानु मुखर्जी , विवेक थापा है। मारधाड़ दिनेश यादव है। प्रोडक्शन हेड शेखर यादव है , और फिल्म की लेखक ने अपने अंदाज में अपने कलम से फिल्म को लिखे है लेखक एबी मोहन ने फिल्म पीआरओ रितिक कौशिक है।

फिल्म के मुख्य भूमिका में युवा सुपर स्टार आदित्य ओझा, संजना पांडेय, अनूप अरोरा, जयप्रकाश सिंह, बिना पांडेय, दीपांशी तिवारी, सोनिया मिश्रा, रिंकू आयुषी, साहब लालधारी, नीतू चौहान आदि अन्य कलाकार नजर आएंगे।



# वाणी कपूर ने दिखाया अब तक का सबसे बोल्ड लुक, तोड़ी सारी हदें

**वाणी कपूर ने अपने अब तक के करियर में कई फिल्मों में बेहतरीन किरदारों को बखूबी पर्दे पर उतार चुकी हैं। हालांकि, अपनी फिल्मों के अलावा वाणी अपनी हॉटनेस और स्टाइलिश फोटोशूट की वजह से भी काफी चर्चा में बनी रहती हैं। अक्सर उनके इंस्टाग्राम पेज उनके ग्लैमरस लुक्स देखने को मिल जाते हैं। अब फिर से एक्ट्रेस ने फिर से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं।**

लेटेस्ट फोटोशूट में वाणी अपना बिकिनी लुक फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उन्होंने इस दौरान ग्रीन शेड की बिकिनी के साथ डेनिम जीन्स कैरी की है। एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को और हॉट बनाने के लिए जीन्स के बटन खोल कैमरे के सामने किलर पोज दिए हैं। वाणी ने बहुत बेबाकी से अपना ये बोल्ड लुक फ्लॉन्ट किया है।

वाणी ने इस लुक को सटल बेस, रोजी शाइनी चीक्स, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को मैसी टच देकर ओपन रखा है। एक्सेसरीज के तौर पर वाणी ने एक हाथ में गोल्ड बैंगल्स पहने हैं। वाणी इस लुक में बेहद हॉट दिख रही हैं। खासतौर पर एक्ट्रेस के कर्वी फिगर ने सबके होश उड़ा दिए हैं। दूसरी ओर वाणी की आने वाली फिल्मों पर बात करें तो इस समय एक्ट्रेस मंडाला मर्डर्स टाइटल से बन रही वेब सीरीज को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। बता दें कि पिछली बार वाणी को रणबीर कपूर के साथ फिल्म शमशेरा में देखा गया था।

# ब्रेकअप ट्रैक के जरिए संगीत की दुनिया में कदम रख रहीं पलक पुरसवानी



रियलिटी स्टीमिंग शो बिग बॉस ओटीटी 2 में नजर आने वाली टीवी अभिनेत्री और मॉडल पलक पुरसवानी संगीत की दुनिया में कदम रख रही हैं। उनका म्यूजिक वीडियो जल्द ही रिलीज होने वाला हैं। पलक ने कहा कि उनका नया सॉन्ग एक ब्रेकअप ट्रैक है, जो सभी को पसंद आएगा।

एक्ट्रेस ने अपने सॉन्ग को लेकर कहा, मैं म्यूजिक वीडियो को लेकर बहुत एक्साइटिड हूं, क्योंकि बहुत से लोग जो रिश्तों में ब्रेकअप से गुजरते हैं, वे इससे जुड़ाव महसूस करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि उनका खुद भी इस ट्रैक से पर्सनल अटैचमेंटहै और वे इससे जुड़ सकती हैं। इस पर विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, मैं भी इससे जुड़ी हूं। साथ ही, यह मेरा अब तक का पहला म्यूजिक वीडियो है। मैं अपने सभी एक्टर फ्रेंड्स से उम्मीद करूंगी कि वे इसको प्रमोट करें ताकि म्यूजिक वीडियो वायरल हो जाए!

म्यूजिक वीडियो के बारे में खुलासा करते हुए पलक ने कहा, मेरे आने वाले म्यूजिक वीडियो के सिंगर मोहम्मद दानिश हैं जो इंडियन आइडल का हिस्सा थे। म्यूजिक वीडियो में मेरे अपोजिट अध्विक महाजन हैं।

उन्होंने इसका हिस्सा बनना क्यों चुना, इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, इसे मुंबई के मढ़ में ही शूट किया गया था। मैंने इस गाने के लिए हां इसलिए कहा क्योंकि गाना वाकई बहुत अच्छा था। मैं इस गाने से एक खास तरह से जुड़ सकती हूं। यह 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। यह देखते हुए कि गाना बिल्कुल तैयार है, पलक पुरसवानी ने अपने म्यूजिक डेब्यू के लिए एक ऐसा विषय चुना है, जो यूनिवर्सल है और फिर भी इसे संभालना बहुत मुश्किल है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य, बेरोजगार साथियों को मिले रोजगार : भूपेश बघेल

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 1 लाख 35 हजार 104 बेरोजगार युवाओ को वितरित किया बेरोजगारी भत्ता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर स्थित निवास कार्यालय से छत्तीसगढ़ के 01 लाख 35 हजार 104 शिक्षित बेरोजगार हितग्राहियों को 35 करोड़ 48 लाख 7 हजार 500 रुपए का बेरोजगारी भत्ता सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किया। बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत अभी तक छः किस्तों में हितग्राहियों को 182 करोड़ 47 लाख 2 हजार 500 रूपए का बेरोजगारी भत्ता दिया जा चुका है।**



बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत अप्रेल माह से अभी तक 2 लाख 1 हजार 4 सौ 43 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं जिनमें से 94 फीसदी अर्थात 1 लाख 79 हजार 494 आवेदनों को स्वीकृति के लिए अनुशंसित कर दिया गया है। जबकि शेष 6 फीसदी अभ्यर्थी भौतिक सत्यापन में अनुपस्थित रहे हैं। बेरोजगारी भत्ता का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों में से 39 फीसदी महिलाएँ हैं जबकि 83 फीसदी अभ्यर्थी ग्रामीण वर्ग से हैं।

मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगारों को केवल आर्थिक संबल प्रदान करना भर नहीं है, बल्कि हमारा लक्ष्य उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना भी है। उन्होंने कहा कि योजना के हितग्राहियों के लिए कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है, ताकि वे अपने कौशल को निखारते हुए रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि छः माह पहले जब ये योजना शुरू हुई थी तो कई लोगों के मन में शंकाएं थीं। हालांकि बेरोजगारी भत्ता योजना सफ्लतापूर्वक लागू हुई और आनलाइन माध्यम से बेरोजगारी भत्ता सीधे हितग्राहियों के खाते में पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार बेरोजगारी भत्ते के लिए चयनित अभ्यर्थियों को कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। अभी तक ऐसे 7 हजार 464 अभ्यर्थी प्रशिक्षित होकर रोजगार से जुड़ गए हैं जबकि 1 हजार 7 सौ 96 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण भी जल्दी ही शुरू हो जाएगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने आईटीआई के 109 प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारी के कुल 920 पद विज्ञापित किए गए थे जिनमें से 82 पदों के लिए पहले ही नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए हैं। इसी तरह से मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आज छात्रावास अधीक्षक के पद के लिए भी 6 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल रूप से बस्तर एवं सरगुजा संभाग में शिक्षक और व्याख्याता के पद पर चयनित 2 हजार 161 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमे से 2 हजार 139 सहायक शिक्षक तथा 22 व्याख्याता हैं।

बेरोजगारी भत्ता वितरण तथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला, संचालक तकनीकी शिक्षा अवनीश शरण, संचालक लोक शिक्षण सुनील जैन समेत अन्य विभागीय अधिकारी तथा बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राही उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ देश में सामाजिक न्याय का मॉडल : मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। देशभर में छत्तीसगढ़ आज सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा मॉडल बन चुका है। हमने प्रदेश में सभी वर्गों के उत्थान के लिए योजनाएं बनाई है। किसानों, आदिवासियों, श्रमिकों, महिलाओं और युवाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने का काम किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में इंडिया टूडे द्वारा आयेजित ''स्टेट ऑफद स्टेट छत्तीसगढ़ फर्स्ट'' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।**




मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं क्योंकि मेहनतकश को उसकी मेहनत के अनुरूप पैसा मिल रहा है और वह खुशी-खुशी प्रदेश को गढ़ने तथा आगे बढ़ाने में स्वत: स्फूर्त होकर अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज नक्सलियों का दायरा सिमट गया है।

बस्तर अंचल में बंद स्कूलों को खोलने की बड़ी पहल हमने की है, जिससे भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित हुआ है। हमने उद्योग और व्यापार के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध कराया है और इसके लिए अधोसंरचना निर्माण का काम कर रहे हैं। उद्योगों को बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए भरपूर सहयोग दिया है। आज गौठान और रीपा से महिलाएं और युवा रोजगार की कड़ी से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि देश में छत्तीसगढ़ एक ऐसा राज्य है जहां हमने किसानों से सबसे ज्यादा दाम पर धान की खरीदी कर किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया। प्रदेश में 44 प्रतिशत वन क्षेत्र है। पहले मात्र 7 प्रकार के वनोपजों की खरीदी होता था। अब हम 67 प्रकार के वनोपजों को समर्थन मूल्य पर खरीद रहे हैं। तेन्दूपत्ता प्रति मानक बोरा 2500 से बढ़ाकर 4000 रूपए किया। उन्होंने कहा कि लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की अधिग्रहित जमीन वापस की। वनाधिकार पट्टा, वन संसाधन अधिकार, पेसा कानून को लागू किया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम हुए हैं। कुपोषण को दूर करने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान लागू किया। वनांचल क्षेत्रों में पहले छोटी-छोटी बीमारियों के कारण भी लोगों की जान चली जाती थी। ऐसे में दूरस्थ वनांचल के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हाट-बाजार क्लीनिक योजना शुरू की। हाट बाजार क्लीनिक व्यवस्था का एक करोड़ से अधिक लोग लाभ ले चुके हैं।

## खास खबर

### शहीद जवान राजेश ध्रुव की शहादत को गरियाबंद ने किया नमन

**गरियाबंद।** झारखंड में आईडी ब्लास्ट में शहीद गरियाबंद जिले के सीआरपीएफ आरक्षक शहीद राजेश ध्रुव का पार्थिव शरीर शनिवार सुबह गरियाबंद पहुंचा। इस अवसर पर नगर के हृदय स्थल तिरंगा चौक में नगरवासियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने राजेश ध्रुव की शहादत को नमन करते हुए राजेश ध्रुव अमर रहे के नारे लगाए। ज्ञात हो कि बुधवार को झारखंड के पश्चिम सिंह भूम जिला में हुए आईडी बम ब्लास्ट में जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम रवेली के रहने वाले सीआरपीएफ जवान राजेश ध्रुव शहीद हो गए।राजेश,कोबरा बटालियन में आरक्षक थे।शनिवार को उनका पार्थिव शरीर गृह ग्राम रवेली लाया गया।इसके पहले पार्थिव शरीर गरियाबंद पहुंचा।वही शनिवार को नगर के लोगो को जैसे ही राजेश के पार्थिव शव के आने की सूचना मिली लोग बड़ी में संख्या में स्वत: ही तिरंगा चौक में एकजुट हो गए।लोगों ने राजेश का शव का पहुंचे ही वाहन में पुष्प वर्षा की।दर्शन किए और भावभीनी श्रद्धांजलि दी।इसके आदिवासी समाज ने भी सहित राजेश ध्रुव को तिरंगा चौक में श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान काफिले का कांग्रेस नेता शैलेंद्र साहू,एसडीएम भूपेंद्र साहू सहित सीआरपीएफ की टीम अगुवाई की।रायपुर से ही वे साथ में गरियाबंद पहुंचे, यहां से छुरा रवाना हुए।

### मिनीमाता सम्मान वर्ष 2023 के लिए नामांकन आमंत्रित

**महासमुंद।** राज्य में महिला उत्थान के क्षेत्र में दिए जाने वाले मिनी माता सम्मान वर्ष 2023 के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। इच्छुक महिलाएं या अशासकीय संस्थाएं विभाग के संबंधित जिला कार्यालयों में पूर्ण जानकारी के साथ 05 अक्टूबर तक आवेदन कार्यालय समय में जमा कर सकते हैं। शासकीय-अर्धशासकीय संस्थाएं, शासकीय सेवक, पूर्व में यह पुरस्कार प्राप्त व्यक्ति या संस्था सम्मान के लिए पात्र नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा महिलाओं, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला या अशासकीय संस्था को हर साल मिनीमाता सम्मान प्रदान किया जाता है।

### बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2023 के लिए आवेदन 5 तक आमंत्रित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के उत्पीडऩ के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2023 प्रदान किया जाना है। पुरस्कार के रूप में एक महिला को 02 (दो) लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी समीर पांडे ने बताया कि द्वारा पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र पूर्ण जानकारी के साथ कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, महासमुंद में 05 अक्टूबर 2023 तक जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# सशक्त और समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाना, हमारा मुख्य ध्येयः मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है, इसे देखते हुए हमने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम किया। हमने सबसे पहले किसानों की कर्ज माफी और उनके सिंचाई कर की बकाया राशि माफ की। छत्तीसगढ़ देश में किसानों को उनकी उपज का सर्वाधिक मूल्य देने आज अग्रणी राज्य है। बीते पांच साल में राज्य सरकार ने सभी तबके के उत्थान के लिए काम किया है।**



हमने अपनी योजनाओं में किसानों, आदिवासियों के साथ ही श्रमिकों, बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए फोकस रखा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर में दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित 'नेताजी न्यूजरूम में' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री विनोद वर्मा और श्री रूचिर गर्ग, सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जब हमारी सरकार बनी तो छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी समस्या जो मेरे सामने थी वो 40 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे थे, 41 प्रतिशत बच्चे कुपोषण के शिकार थे और 47 प्रतिशत 15 से 59 वर्ष की महिलाएं एनीमिया से ग्रसित थे। सबसे पहले चुनौती इन समस्याओं से निपटने की थी, राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आज 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के माध्यम से दो लाख से अधिक बच्चे कुपोषण से बाहर आए है और डेढ़ लाख से अधिक महिलाएं एनीमिया से मुक्त हुए हैं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 25 लाख रूपए तक इलाज कर रहे हैं। लोगों को धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के तहत 72 प्रतिशत छूट पर सस्ती दवाई उपलब्ध कराई जा रही है।

बस्तर अंचल की समस्या और चुनौती को हमने स्वीकार करते हुए वहां विकास, विश्वास और सुरक्षा की नीति अपनाई। हमारी सरकार ने वनांचल के लोगों की आमदनी बढ़ाने के लिए मछली पालन, लाख पालन, मधुमक्खी पालन को कृषि का दर्जा दिया है। लघु वनोपजों के साथ ही कोदो, कुटकी और रागी का समर्थन मूल्य पर खरीदी करने के साथ ही मिलेट प्रोसेसिंग की भी शुरूआत की गई। कांकेर में एशिया का सबसे बड़ा मिलेट प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज नक्सलियों का दायरा सिमट गया है। बस्तर अंचल में बंद सैकड़ो स्कूलों को खोलने की बड़ी पहल हमने की है, जिससे भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच दूरस्थ अंचलों तक बढ़ाने के लिए हाट बाजार क्लीनिक योजना की शुरूआत की, क्योंकि हमें पता था लोग क्लीनिक जाए या न जाए लेकिन बाजार जरूर जाते है, तो हमने क्लीनिक को ही बाजार में ले गए। पहले तो इसके लिए सरपंचों द्वारा जगह उपलब्ध भी नहीं कराया जा रहा था, लेकिन धीरे-धीरे लोगों को इसके बारे में जानकारी मिली। इससे होने वाले फायदे के बारे में पता चला। बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में पहले लोगों को बीपी, शुगर की बीमारी क्या होती है, इससे वे अनजान थे, परंतु हाट बाजार क्लीनिक के माध्यम से न सिर्फ वहां के लोगों में व्याप्त बीमारी का पता चला जबकि उन बीमारियों का इलाज भी संभव हो सका। इसी का परिणाम है कि आज एक करोड़ 86 लाख से अधिक प्रदेशवासियों द्वारा इस योजना का लाभ मिला है। बस्तर में मलेरिया का प्रकोप फैला हुआ था, जिसे मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के द्वारा दूर किए हैं। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पीएससी की परीक्षा देने वाले किसी भी एक अभ्यर्थी ने अब तक शिकायत नहीं की है। यदि किसी तरह की कोई भी शिकायत आती है या किसी अभ्यर्थी द्वारा एक भी शिकायत की जाती है तो हम हर शिकायत की गंभीरता से जांच कराएंगे।

जब आप योग्य हैं, आप परीक्षा दे रहे हैं, आप पात्रता रखते हैं तो उसका लाभ आपको निश्चित रूप से मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैं छत्तीसगढ़ के अपने बच्चों के साथ हूं। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवा किसी भी तरह के बहकावे में ना आए, अपनी तैयारी मेहनत और लगन से करते रहे, यदि कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी जांच करेंगे और यदि कोई दोषी है तो उस पर जरूर कार्रवाई होगी।

# एक तारीख, एक घंटा, एक साथ श्रमदान के तहत सीबीसी रायपुर ने चलाया अभियान




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर (पीआईबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जन्म-जयंती से एक दिन पूर्व भारत सरकार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) प्रादेशिक कार्यालय रायपुर व पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) रायपुर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) व नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवायकेएस) के सहयोग से दूरदर्शन केंद्र परिसर के नवीन कॉलोनी में रविवार को प्रात: 10 बजे एक तारीख, एक घंटा, एक साथ श्रमदान के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। एनएसएस के वॉलेंटियर्स सुबह से ही कार्यक्रम के लिए उत्साहित थे। ठीक 10 बजते ही सभी ने मोर्चा संभाला और एक घंटे के श्रमदान से दूरदर्शन कॉलोनी को चकाचक कर दिया। इस दौरान गल्बस, मास्क, झाड़ू, ब्लीचिंग, फावड़ा आदि की व्यवस्था सीबीसी की ओर से की गई थी। एनवायकेएस द्वारा टी-शर्ट का वितरण किया गया।

इस संबंध में पत्र सूचना कार्यालय रायपुर के उपनिदेशक रमेश जायभाये ने बताया कि स्वच्छता अभियान में भाग लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। स्वच्छता के लिए श्रमदान हम सबकी सम्मिलित जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पूरे देश से इस अभियान में भाग लेकर एक घंटे श्रमदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा, स्वच्छ भारत साझी जिम्मेदारी है। इसलिए स्वच्छ भविष्य की शुरुआत के लिए उत्कृष्ट प्रयास में शामिल हों। उन्होंने अभियान के संबंध में 'एक तारीख, एक घंटा, एक साथ' का नारा दिया था। यह पहल स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 की एक कड़ी है।

स्वच्छता अभियान चलाने के लिए दुर्गा कॉलेज एनएसएस यूनिट की कार्यक्रम अधिकारी सुनीता चंसोरिया अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहीं। एनवायकेएस के राज्य निदेशक श्रीकांत पांडेय व जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी के मार्गदर्शन में एनवायकेएस के कार्मिकों व वॉलेंटियर्स ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इसमें सीबीसी के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डॉ. प्रेम कुमार, कार्मिक राजू देवांगन, खिरोद साहू, विवेधर तांडी, रंजीत मिश्रा, संजय निर्मलकर व पीआईबी से परमानंद साहू, प्रशांत कुमार, खेमराज सहदेव सहित अन्य की भी सहभागिता रही। गौरतलब है कि मन की बात के 105वें एपिसोड में पीएम मोदी ने लोगों से अपनी गली, मोहल्ले या किसी पार्क, नदी, झील या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर स्वच्छता अभियान से जुड़ने का आह्वान किया है।

# दिए गए निर्देशों पर शीघ्रता से पालन सुनिश्चित करें : ज्योत्सना महंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लोकसभा सांसद मती ज्योत्सना चरणदास महंत की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद मती महंत ने निर्देशित किया कि जिले में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो और योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएं।**



उन्होंने जिले के दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य, विद्युत और शिक्षा जैसी सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद ने सिकलसेल की जांच करने, एनीमिया पीड़ित महिलाओं को पोषण आहार प्रदान करने, स्कूलों में बच्चों को गर्म एवं गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन देने, दिव्यांगजनों को पात्रतानुसार दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने, स्कूलों में विद्यार्थियों के बैठने हेतु टाटपट्टी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सौरभ कुमार ने दिए गए निर्देशों का पालन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

दिशा समिति की विगत बैठक में सांसद मती महंत ने पूर्व बैठकों में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। सांसद मती महंत ने कोरबा जिले में मनरेगा के कार्यों की जानकारी ली और जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र में आवश्यकतानुसार कार्यों का प्रस्ताव प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत कार्यों को समय पर कार्य पूरा करने के साथ समय पर मजदूरी भुगतान के निर्देश दिए। सांसद ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना, जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी तथा जिले में कराएं गए कार्यों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने कहा। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली और दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सक तथा मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद मती महंत ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, रूरबन मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, एकीकृत बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, भू-अभिलेख आधुनिकीकरण, दीनदयाल उपाध्याय विद्युतीकरण योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्कूल शिक्षा विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग, सांख्यिकी विभाग, नगर पालिक निगम अंतर्गत संचालित आवास एवं पेयजल तथा स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने जिला सत्र न्यायालय दुर्ग, राजनांदगांव और नए न्यायालय भवन भिलाई का किया औचक निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा द्वारा 30 सितम्बर को जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग, राजनांदगांव और भिलाई के नवीन न्यायालय भवन का औचक निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग के न्यायालय परिसर के समस्त कक्षों का निरीक्षण किया गया। न्यायालय भवन की आधारभूत संरचना न्यायालय की गरिमा के अनुरूप नहीं पायी गयी अधिवक्ताओं के बैठने हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है। मुख्य न्यायाधीश द्वारा दुर्ग के कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा को निर्देशित किया गया कि नवीन न्यायालय भवन हेतु लगभग 10-12 एकड़ की एक बड़ी भूमि की व्यवस्था सुनिश्चित करें निरीक्षण के समय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग नीता यादव उपस्थित रही।





मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा द्वारा केन्द्रीय जेल, दुर्ग का निरीक्षण किया गया। वहां उन्होंने बंदीगृह के बैरकों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा जेल के अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया। चिकित्सक से बात करते हुए बंदियों को प्रदान की जा रही चिकित्सा सुविधा की जानकारी ली। उन्होंने बाल संप्रेक्षण गृह, वीडियो कान्फेसिंग रूम, लीगल एड क्लीनिक इत्यादि का भी निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। बाल संप्रेक्षण गृह में निरूद्ध किशोरों की पेशी हेतु वर्चुअल माध्यम की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने जेल की केन्टिन, बंदियों द्वारा संचालित सिलाई बुनाई कक्ष, फर्नीचर फैक्ट्री इत्यादि का भी निरीक्षण किया। जेल अधिकारियों से बंदियों की संख्या की जानकारी ली जेल में स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई की सुविधा पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया ।

मुख्य न्यायाधीश द्वारा इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायालय राजनांदगांव का भी निरीक्षण किया गया। न्यायालय भवन की आधारभूत संरचना न्यायालय की गरिमा के अनुरूप पायी गयी। न्यायालय के निरीक्षण के दौरान व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये न्यायालय की साफ-सफाई व्यवस्था पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के समय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राजनांदगांव आलोक कुमार उपस्थित रहे।

मुख्य न्यायाधीश सिन्हा द्वारा भिलाई के नवीन न्यायालय भवन का भी निरीक्षण किया गया। न्यायालय भवन की आधारभूत संरचना न्यायालय की गरिमा के अनुरूप पायी गयी। न्यायालय की साफ-सफाई व्यवस्था पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

न्यायालयों के निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधीश सिन्हा ने अधिवक्ताओं से भी मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। रजिस्ट्रार जनरल अरविन्द कुमार वर्मा, एडिशनल रजिस्ट्रार कम पीपीएस एमवीएलएन सुब्रहमन्यम तथा प्रोटोकॉल ऑफिसर आरएस नेगी भी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि माननीय मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा नियमित रूप से न्यायालयों और जेलों का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश जारी कर रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

## खास-खबर

### राजधानी में बेखौफ बदमाशः चंदा नहीं देने पर दुकानदार को जमकर पीटा, अपराध दर्ज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में बदमाश बेखौफ हो गए हैं। यहां चंदा नहीं देने पर दुकानदार की पिटाई का मामला सामने आया है। बदमाशों ने दुकान में घुसकर दुकानदार से जमकर मारपीट की। इसके बाद लूट की भी कोशिश की। मामला गुढियारी थाने क्षेत्र स्थित गोगांव इलाके का है। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार दुकान में चार बदमाश चंदा मांगने आए थे। दुकानदार के मना करने पर बदमाशों ने उसे धमकाया। इसके बाद दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। इस पर दुकानदार ने विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद दुकानदार ने गुढ़ियारी थाना पहुंचकर बदमाशों के खिलाफ शिकायत की है। इस घटना का वीडियो वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस शिकायत के बाद बदमाशों की खोजबीन कर रही है।

डीआरजी और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की बड़ी सफलता

## नक्सली कैम्प किया ध्वस्त भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में डीआरजी और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। जिले के मिरतुर थाना क्षेत्र मदपाल के जंगलों में नक्सलियों के कैम्प को पुलिस की संयुक्त पार्टी ने ध्वस्त कर दिया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में नक्सली सामान बरामद किया है।

दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि भैरमगढ़ ब्लाक के मिरतुर थाना क्षेत्र के कुडमेर और मदपाल के जंगलों में भैरमगढ़ एरिया कमेटी की सचिव सुमित्रा और एसीएम शंकर कारम सहित 10-15 सशस्त्र नक्सली मौजूद हैं। सूचना के बाद डीआरजी और19/ए वी वाहिनी छसबल बेचापाल की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली। अभियान के दौरान मदपाल के जंगलों में पुलिस की संयुक्त पार्टी द्वारा नक्सली कैम्प ध्वस्त किया गया। पुलिस की घेराबंदी देख नक्सली भाग गए। मौके पर पुलिस की संयुक्त पार्टी ने डेटोनेटर, टूल्स, नक्सली वर्दी, पिट्ठू, नक्सली साहित्य, दवाइयां और रोजमर्रा सामान बरामद किया है।

## ट्रक ने बोलेरो को मारी टक्कर, वाहन के उड़े परखच्चे, 2 भाइयों की मौत



**कोरबा (ए)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां तेज रफ्तार ट्रेलर ने बोलेरो को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि, वाहन के परखच्चे उड़ गए। घटना में बोलेरो सवार 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

बता दें कि, ये हादसा कटघोरा अम्बिकापुर नेशनल हाइवे-130 में हुआ है। जहां बेरतरतीब तरीके से दौड़ रही ट्रेलर ने चार पहिया वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में 2 सगे भाइयों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस की टीम ने रेस्क्यू कर दोनों की लाश को बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार, दोनों भाई जनकपुर के भरतपुर से बिलासपुर अपने पिता को लेने जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में ही दुर्घटना के शिकार हो गए। ट्रेलर की चपेट में आने से मवेशी की भी मौत हुई। वहीं दुर्घटना का कारण रोड़ पर बैठे मवेशी बताए जा रहे हैं।

## दुर्ग जिले के तीन निरीक्षक बने डीएसपी एसपी सिन्हा ने स्टार लगाकर दी पदोन्नति

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई के सभागार में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने दुर्ग जिले में पदस्थ तीन अधिकारियों के डीएसपी प्रमोट होने पर स्टार लगाकर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ गृह विभाग द्वारा शुक्रवार को आदेश जारी कर कई अफसरों को पदोन्नत किया है। इनमें दुर्ग जिले से निरीक्षक रमेश कुमार चंद्रा, थाना प्रभारी जामुल याकूब मेनन, थाना प्रभारी वैशालीनगर प्रदीप कुमार सोरी भी शामिल हैं। इन्हें उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। सभी पदोन्नत अधिकारियों को एएसपी संजय कुमार ध्रुव, अनंत कुमार, डीएसपी हेड क्वार्टर दुर्ग संजय पुंढीर सीएसपी भिलाई नगर, विश्व दीपक त्रिपाठी, सीएसपी छावनी आशीष बंछोर के द्वारा बधाइयां देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

1998 बैच के याकूब मेमन अविभाजित मध्य प्रदेश में रीवा, सतना इंदौर में रहे है 2008 में निरीक्षक के पद पर पद्नत हुए। याकूब इकलौते निरीक्षक रहे, जिन्हें राष्ट्रपति वीरता पदक एवं राष्ट्रपति का सरहनीय सेवा पदक से सम्मानित रहे है। छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा, बस्तर, नांदगांव और राजधानी रायपुर में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। रायपुर के बाद व दुर्ग में पिछले डेढ़ साल से थाना जामुल में पदस्थ है।

रमेश कुमार चन्द्रा 2008 बैच के सूबेदार कैडर मैं भर्ती हुए, सन 2015 में रक्षित निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होकर वह अपनी सेवाएं दंतेवाड़ा, अंबिकापुर, कोंडागांव में दे चुके है, जिला दुर्ग में रक्षित निरीक्षक के पद है। प्रदीप कुमार सोरी वर्ष 1998 में सब इंस्पेक्टर के पद पर भर्ती हुए थे, छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, वर्तमान में जिला दुर्ग के थाना वैशाली नगर में निरीक्षक के पद पर पदस्थ होकर अब उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं।

भिलाई में बदमाशों के हौसले बुलंद

## कुल्फी बेचने वाले का रास्ता रोक शराब पीने मांगे रुपए, नहीं दिया तो जमकर पीटा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** शहर में बदमाशों के हौसले बुलंद है, पुलिस का खौफ इनमें भी जरा भी नहीं रहा। ताजा मामले में रामनगर मुक्तिधाम रोड पर बदमाशों ने एक कुल्फी बेचने वाले को रोककर उसकी पिटाई कर दी। कुल्फी बेचकर लौट रहे शख्स को रोककर बदमाशों ने शराब पीने के लिए रुपए मांगे। नहीं देने पर उसे बुरी तरह से पीटा और भाग गए। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर वैशाली नगर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

वैशाली नगर पुलिस के अनुसार कैलाश नगर निवासी रियाज अहमद कुल्फी बेचने का काम करता है। शुक्रवार को वह सेक्टर 10 कुल्फी बेचने गया था। कुल्फी बेचकर राम नगर होते हुए कैलाश नगर जा रहा था। इस दौरान राम नगर कब्रिस्तान के सामने दो अज्ञात लडको ने उसे रोका और शराब पीने के लिए पैसे मांगे। मना करने पर दोनों ने गंदी गंदी गालियां देते हुए रियाज अहमद की पिटाई कर दी। पिटाई से उसे कई जगह चोटें आई। इस मामले में शिकायत के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ धारा 294-IPC, 324-IPC, 327-IPC, 34-IPC, 341-IPC, 506-IPC के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## रायगढ़ बैंक डकैती सुलझाने वाले पुलिस कर्मियों को मिलेगा आउट ऑफ टर्न प्रमोशन, सैलरी इंक्रीमेंट और नकद पुरस्कार भी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ जिसे के एक्सिस बैंक डकैती केस को 24 घंटे के भीतर सुलझाने वाली रायगढ़ और बलरामपुर जिले की पुलिस के लिए सम्मान एवं विशेष प्रोत्साहन देने की बात कही है। बिहार के गैंग द्वारा रायगढ़ जिले के एक्सिस बैंक में करोड़ों रुपए की डकैती को अंजाम दिया गया था। लेकिन छत्तीसगढ़ पुलिस की तत्परता और आपसी सामंजस्य की वजह से इसी तरह से बैंक डकैतियों को अंजाम देने वाला गैंग 24 घंटे के भीतर ही शत प्रतिशत रकम के साथ पकड़ा गया।

छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा इस डकैती को सुलझाने और बिहार के बैंक डकैती गैंग को पकड़ने के पश्चात छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा द्वारा इस केस में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन, सैलरी इंक्रीमेंट, नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने की अनुशंसा की है, जिले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यथावत स्वीकार करने की बात कही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ पुलिस अपनी पूरी कर्तव्यनिष्ठा के लिए काम कर रही है और उत्कृष्ट कार्यों का सम्मान उन्हें मिलना चाहिए। इस अवसर पर रायगढ़ जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार तथा बलरामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने बैंक डकैती सुलझाने में शामिल पुलिस कर्मियों के साथ मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए उनका आभार प्रकट किया।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095



भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006



भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### जन्मजात मोतियाबिंद से ग्रसित बच्चे का हुआ सफल ऑपरेशन

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग में मरीज तोषन चुरेन्द्र उम्र 09 वर्ष जो कि काकरेल जिला बालोद का निवासी है। आँखो की समस्या के ईलाज के लिये विगत 26 सितम्बर 2023 को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय दुर्ग रेफर किया गया था, डॉ. कल्पना जैफ नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि मरीज को बाये आँख से बिल्कुल नहीं दिखता था, मरीज की प्रारंभिक जाँच के बाद पाया गया कि मरीज जन्मजात मोतियाबिंद से ग्रसित था। मरीज की सर्जरी 27 सितम्बर 2023 को जिला नोडल अधिकारी डॉ. संगीता भाटीया के नेतृत्व में नेत्र सर्जन डॉ. कल्पना जैफ एवं डॉ. तरुण वशिष्ट नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं उनकी टीम द्वारा सफ्लतापूर्वक की गयी जिसमें नेत्र सहायक अधिकारियों श्री शत्रुहन सिन्हा, श्रीमती माया लहरे, श्रीमती दुर्गा सिन्हा, श्री विवेक सोनी एवं श्रीमती आशा ब्रहमभट्ट ओटी नर्सिंग इंचार्ज एवं उनकी टीम द्वारा विशेष योगदान दिया गया।

### सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभिनी विदाई

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ कुल 66 कर्मचारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 30 सितम्बर 2023 को सेवानिवृत्त हुए। सितम्बर माह में सेवानिवृत्त हुए इन कार्मिकों में 06 कार्यपालक एवं 60 गैर कार्यपालक शामिल हैं। निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित, कार्यपालकों के विदाई समारोह में विशेष रूप से उपस्थित संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने समारोह को संबोधित करते हुये अधिकारियों के अपने-अपने कार्यक्षेत्र में बेहतरीन कार्य हेतु विशिष्ट व उत्कृष्ट योगदान की सराहना की तथा इनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। इस अवसर पर कार्यकारी कार्यपालक निदेशकश्रीमती निशा सोनी भी उपस्थित थीं। संयंत्र के गैर कार्यपालक हेतु गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में 30 सितम्बर 2023 को किया गया। भिलाई निवास के इस सेवानिवृत्ति समारोह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव कुमार पाल, महाप्रबंधक सूरज सोनी एवं उपाध्यक्ष कैलाश सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

### संयंत्र के बार एवं रॉड मिल एवं मर्चेंट मिल विभाग में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान बार एवं रॉड मिल मिल विभाग में, कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक एस के बेहरा तथा मर्चेन्ट मिल विभाग में, कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक एस के हरिरमानी के नेतृत्व में 29 सितम्बर 2023 को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को आयोजन किया गया। भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान से कंधे से कंधा मिलाते हुए बार एवं रॉड मिल तथा मर्चेन्ट मिल विभाग में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण मिलकर परिसर की सफाई की। स्वच्छता अभियान के पूर्व, बार एवं रॉड मिल में श्री एस के बेहरा द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

# साईं मंदिर का होगा जीर्णोद्धार, श्री राधा कृष्ण मंदिर में बनेगा डोमशेड, प्रगति यात्रा में विधायक देवेंद्र ने दी सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार प्रगति यात्रा कर रहे हैं। इस प्रगति यात्रा के दौरान विधायक लाखों की सौगात दे रहे हैं। विधायक देवेंद्र यादव की पहल से शनिवार को वार्ड 47 के लोगों को लाखों के विकास कार्य की सौगात दी। 5 लाख की लागत से जनता की मांग पर मशाल चौक साईं मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके अलावा 5 लाख की लागत से श्री राधे कृष्ण मंदिर में डोम शेड निर्माण कार्य किया जाएगा। जिसका विधायक यादव ने वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के हाथों से पूरे विधि विधान के साथ भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न करवाया।



30 सितंबर को वार्ड 47 में प्रगति यात्रा निकाली गई। इस दौरान विधायक ने वार्ड में लाखों के विकास कार्यों की सौगात दी। इस दौरान वार्डवासियों के साथ मिलकर विधायक देवेन्द्र यादव ने प्रगति यात्रा के दौरान विकास कार्यों का भूमिपूजन किए। वार्ड में ?प्रगति यात्रा करते हुए पैदल-पैदल सभी गलियों और लोगों के घरों से होते हुए लोगों से मिलते गए। लोगों का हालचाल जाना और वार्ड की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान वे बड़े बुजुर्गों को प्रणाम किए। युवाओं से गले मिले हाथ मिलाए और छोटो से स्नेह दिए। चौक-चौराहो में बैठकर लोगों के साथ बातचीत की और वार्ड के विकास को लेकर जानकारी ली।

जब विधायक श्री यादव वार्ड में पहुंचे तब लोगों ने उनका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। वार्ड की महिलाओं ने पहले उनकी आरती की, तिलक लगाकर स्वागत किए।

### सम्राज अशोक की प्रतिमा स्थल का हो रहा सौंदर्यीकरण

वार्ड 47 में प्रगति यात्रा के दौरान लोगों से मिलने के साथ विधायक श्री यादव क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किए। 37 लाख की लागत से वार्ड में सम्राट अशोक की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा। इसके अलावा कुशवाहा समाज में डोम शेड निर्माण कार्य का निरीक्षण किए। साथ ही संबंधित ठेकेदार को काम जल्द पूरा करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिए। इसके लिए निगम ने ठेकेदार को काम दे दिया है।

### यह विकास कार्य होंगे

- 10 लाख की लागत से वार्ड के जर्जर सड़क का सीमेंटीकरण किया जाएगा। इसके अलावा पंडित दीनदयाल पुरान गार्डन का संधारण कार्य किया जाएगा। इसमें 13.70 रुपए खर्च किए जाएंगे। पंजाबी मोहल्ले में पीडीएस भवन में स्वागत वार्ड के नागरिकों ने विधायक का जमकर स्वागत किया।
- 13.70 लाख की लागत से किया जाएगा। जिसका भूमिपूजन किया गया। 3 लाख की लागत से संगम चौक दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का जीर्णोंद्धार कार्य किया जाएगा।
- 42 लाख की लागत से नेहरू स्कूल का जीर्णोंद्धार किया जाएगा। 3.80 लाख की लागत से नेहरू स्कूल के पास गार्डेन निर्माण किया जाएगा। बिहारी मोहल्ले शिव मंदिर का निर्माण कार्य 4 लाख की लागत से की जाएगी। सिंधी भवन निर्माण कार्य 20 लाख की लागत से किया जाएगा। बैडमिन कोर्ट निर्माण कार्य (नहर के पास)।
- 11.50 लाख की लागत से किया जाएगा। सम्राट अशोक की प्रतिमा का सौंदर्यकरण कार्य एवं खुशवाहा समाज में डोम शेड निर्माण कार्य।

# मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने 216.80 करोड़ रुपए के 7 निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम विभाग मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज भिलाई नगर स्थित सतनाम भवन में 216.80 करोड़ रूपए की लागत के 7 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने समाज में व्याप्त जाति भेद, ऊंच नीच और छुआछूत को समाप्त कर समता और बंधुत्व का भाव लाने के लिए अपना जीवन लगा दिया।



वंचितों, शोषितों एवं महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए बाबा साहेब ने अलग-अलग स्तर पर जागरूकता आंदोलन चलाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गो के लिए विकास के कार्य कर रही है।

हमारी सरकार ने जो 36 वादे किए थे उसमें से 35 वादों को पूरा किया है। सभी वर्गो को ध्यान में रखकर मूलभूत सुविधाओं को पूरा किया जा रहा है। हमें अधिकार संविधान से प्राप्त हुए हैं इस अधिकार को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है।

सभी को मिलकर कार्य करना है। निर्माण कार्यो में नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र. 55 सेक्टर 06 सतनाम भवन में जनरेटर प्रदाय का कार्य हेतु 6 लाख रूपए, वार्ड क्र. 55 सेक्टर 06 सतनाम भवन में लिफ्ट लगाने का कार्य हेतु 24 लाख 44 हजार रुपए, वार्ड क्र. 55 सेक्टर 06 सतनाम भवन में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य हेतु 30 लाख 37 हजार रुपए, वार्ड क्र. 55 सेक्टर 06 सतनाम भवन में अतिरिक्त कमरा निर्माण कार्य हेतु 49 लाख 99 हजार रुपए, गुरूघासी दास सेवा समिति सेक्टर 06 भिलाई नगर के समीप डोम शेड निर्माण कार्य हेतु 15 लाख रूपए, सेक्टर 06 सतनाम भवन के पास में बोर खनन कार्य हेतु 1 लाख रूपए एवं वार्ड क्रमांक 14 शांति नगर जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर अधोसंरचना अंतर्गत दशहरा मैदान का उन्नयन कार्य हेतु 15 लाख रूपए के कार्य शामिल है।

### बीएसपी में राजभाषा पखवाड़ा समापन एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 29 सितम्बर 2023 को राजभाषा पखवाड़ा का समापन एवं हिंदी के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक सुब्रत मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक (खदान) श्री बिपिन कुमार गिरि तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रविन्द्रनाथ एम उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथिगणों ने माँ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उप महाप्रबंधक सौमिक डे ने किताब भेंटकर अतिथिगण का स्वागत किया। अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि, हिंदी में कार्य करना हमें गर्व के साथ ही अपनेपन की अनुभूति देता है, कार्यालयीन कामकाज में हिंदी का प्रयोग करना हमारा राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने पुरस्कार विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि, सभी प्रतिभागी अगले वर्ष भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन कर पुरस्कार जीतें।

# भिलाई चेम्बर ने किया श्रम दान, पीएम मोदी के आह्वान पर बाजारों में चलाया सफाई अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आह्वान पर एक घंटा एक साथ सफाई अभियान किया गया। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन एवम भिलाई अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा के नेतृत्व में पावर हाउस क्षेत्र में सफाई अभियान के साथ साथ सभी व्यापारियों को अपनी अपनी दुकानों में सफाई रखने व डस्टबिन का उपयोग करने की शपथ दिलाई।



गारगी शंकर मिश्रा के नेतृत्व में सुधाकर शुक्ल, राकेश मल्होत्रा, प्रेम गहलोत, विजय गुप्ता, देवेंद्र बरहा व टीम ने सर्कुलर मार्केट क्षेत्र में जमकर सफाई की। वहीं अजय भसीन के नेतृत्व में सुनील मिश्रा शिवराज शर्मा, पवन जिंदल,मनोज मखीजा, शंकर सचदेव व टीम ने जवाहर मार्केट व फ्रूट मार्केट में सभी व्यापारियों को समझाईश दी। व्यापारियों को अपनी अपनी दुकानों का कचरा डस्टबिन में ही एकत्र करने व निगम की सफाई वाली गाड़ी में देने की समझाइश दी गई।

अजय भसीन ने बताया कि नगर निगम जोन कमिश्नर श्री अमिताभ शर्मा जी को बाजार भर्मण कर बाजारों की प्रमुख समस्या यूरिनल,रोड दुरुस्त ,गंदगी व प्रकाश व्यवस्था पर निगम की कमजोरियों से अवगत कराया और उन्हें जल्द दुरुस्त करने का आग्रह किया।भिलाई चेम्बर द्वारा ज़ोन कमिश्नर को जल्द समस्या न सुलझाने पर आंदोलन की चेतावनी दी। भसीन ने बताया कि रविवार को श्रमदान अभियान की शुरुवात ओवरब्रिज के नीचे आम ग्राहकों के लिए पार्किंग व्यवस्था को सफाई करके ठीक किया गया। अब मार्केट के ग्राहक ओवर ब्रिज के नीचे वाहन पार्किंग कर सकेंगे। राज कुमार जयसवाल के नेतृत्व में सुभाष चौक, जलेबी चौक, प्रगति नगर व लिंक रोड क्षेत्र में पवन जिंदल, सतीश बाघमार, अब्बास खान ने सफाई की ।

सफाई अभियान में श्रमदान चेम्बर का की पूरी टीम ने महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर माल्यर्पण किया।और पूरी चेम्बर की टीम ने शपथ ली कि कचरा रोड पर नही नियत स्थान पर ही रखेंगे व सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्र व अजय भसीन ने सभी सफाई कर्मचारीयो को लड्डु खिलाकर उनका अभिनंदन व आभार किया क्योंकि ये कर्मचारियों की वजह से बाजार साफ रहते है।

# साइंस भी तब डेवलप होती है जब डीप साइलेंस में जाकर एकाग्रता की शक्ति से एक्सपेरिमेंट करते हैं : बी के जयंती दीदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में लन्दन से पधारी संस्था की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका (एडिशनल चीफ) बी के जयंती दीदी जी के भिलाई आगमन पर एनसीसी कैंडिडेटस के द्वारा गॉड ऑफऑनर देकर तथा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पंथी नृत्य द्वारा स्वागत किया गया। भिलाई में बसता है मिनी इंडिया इसी थीम पर डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा भिलाई में एकता और प्रेम से रहने वाले सभी धर्म के अनुयायियों के रूप में जयंती दीदी जी का अनोखे अंदाज में स्वागत किया।



जयंती दीदी ने अपने दिव्य उद्बोधन में कहा कि आप भिलाई वालों का स्नेह, प्रेम को देखकर संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी जी ने भिलाई माना भलाई करने वाले का टाइटल दिया है आप सभी को , जिसका स्वरूप इस सभा में देखने को मिल रहा है।

आपने बताया की त्याग और तपस्या के बिना सफ्लता नहीं मिलती, आज राजयोगिनी दादियों ने मन की लेबोरेटरी में साइलेंस की शक्ति द्वारा परमात्म शक्तियों का एक्सपेरिमेंट कर इस ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के विशाल वट वृक्ष को संपूर्ण विश्व में खड़ा किया है7 दादियों की तपस्या का फ्ल हैं इतनी बड़ी सभा। आपने दादियों की तपस्या के बारे में बताते हुए कहा कि कई देशों के वैज्ञानिक जो भगवान में विश्वास नहीं रखते, उन्होंने भी दादी से मिलने के पश्चात परमात्मा की सत्ता को स्वीकार किया। जिसमें (गुडनेस) अच्छाई है उस पर परमात्मा की नजर जरूर है इस तथ्य को दादी जी ने राजयोग मेडिटेशन द्वारा परमात्म शक्तियों की अनुभूति उन वैज्ञानिकों को कराकर उन्हें नास्तिक से आस्तिक बना दिया। क्योंकि साइंस भी तब डेवलप होती है जब डीप साइलेंस में जाकर एकाग्रता की शक्ति से एक्सपेरिमेंट करते हैं। आपने महानता (ग्रेटनेस) के बारे में बताते हुए कहा कि खुद में अगर महानता है तो आप अन्य आत्माओं को महान कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। आज हमें स्वयं को ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व को शांति का दान देना है। पंच कर्मेंद्रिय मुझे आत्मा को वश में करके रखी है लेकिन राजयोग द्वारा मुझ आत्मा को इन पांच कर्मेंद्रियां को वश में रखना है। विचित्र परमात्मा की विचित्र लीला को हम इस संपूर्ण संसार में प्रत्यक्ष होते देख रहे हैं आज पूरा विश्व भारत को विश्व गुरु (वसुदेव कुटुम्बकम) के रूप में देख रहा है।

कार्यक्रम में पाटन, दल्ली राजहरा, नंदिनी अहिवारा, बेमेतरा, उतई, डोंडी लोहारा, जामगांव, बेरला सहित भिलाई के सभी सेवा केन्द्रों के ब्रह्मावत्स बड़ी संख्या में पहुंचे थे, अंतर्दिशा भवन का पीस ऑडिटोरियम पूरा भर गया। इसके पश्चात दो जगह एलईडी स्क्रीन प्रोजेक्टर के माध्यम से ब्रह्मावत्सो ने श्रवण लाभ लिया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से हंसा दीदी माउंट आबू, छतीसगढ़ एवं इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमा दीदी, उज्जैन से आई ऊषा दीदी उपस्थित रही।

राजयोग भवन में आयोजित स्ट्रेस फ्री लाइफ में आपने भिलाई के प्रबुद्ध वर्ग को भी संबोधित किया, जिसमे मुख्य रूप से डॉक्टर,प्रिंसिपल,उद्योगपति,समाजसेवी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि जयंती दीदी जी वर्तमान में पूरे देश व विदेश में अपनी गहरी साइलेंस पावर और आध्यात्मिक ऊर्जा से असंख्य आत्माओं की पालना कर रहे हैं... आप विगत 41 वर्षों से अधिक संस्था को (यूनाइटेड नेशन) संयुक्त राष्ट्र संघ जिनेवा में रिप्रेजेंट कर रहे हैं।

आप लंदन में बीके इंटरनेशनल कोऑर्डिनेटिंग ऑफिस ग्लोबल कॉरपोरेशन हाउस, ऑक्सफोर्ड में ग्लोबल रिट्रीट सेंटर के निदेशिका के साथ विश्व धर्म संसद परिषद की सलाहकार भी है। आपने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई वैज्ञानिक अनुसंधान से जुड़े ग्लोबल कॉन्फ्रेंस में विश्व के वैज्ञानिकों को राजयोग एवं साइलेंस पावर पर संबोधित किया है।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950